CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

2-2
आम्नाय-ग्रन्थालय,
भारतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5
3-2136

वृत्रासुर-चतुःश्लोकी

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भारतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

ग्रन्थालय
वाराणसी-५
2136

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

आदर्श पुस्तकालय,
मथुरा।
छत्ता बाजार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

2136
...भरतनिधि, ...
वाराणसी-5

श्रीगोकुलेशोजयति ।

वृत्रासुर-चतुःश्लोकी ।

श्रीमद्विठ्ठलेश्वरचरणविरचित श्रीसुबोधिनी
व्याख्यासहिता ।

या चतुःश्लोकीके चतुर्थश्लोककी व्याख्याके ऊपर श्रीमद्गोस्वामि
श्रीपुरुषोत्तमजीकौ प्रकाश है या प्रकाशके अनुसारही
बृहद्वनवासि स्वामि नारायणदास ब्रह्मचारिवंशीय
स्वामि रूपकिशोरनें याकौ व्रजभाषामें
अनुवाद कियौ है ।

गोस्वामिकुलकमलदिवाकर श्रीमद्गोस्वामि
श्रीगोकुलनाथजीकी आज्ञासूं तथा
चि. लालबाबा श्रीदीक्षितजीकी कृपासूं
सेठ नारायणदास और जेठानंद आसनमलके
ट्रस्टफंडसूं ट्रस्टीयोंने छपवाया ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री.

प्रस्तावना.

वैष्णववृंद ! यह श्रीमद्भागवतशास्त्र भगवान्नें कह्यौ है 'भगवता प्रोक्तंभागवतं' यासूंही याकौ भागवत नाम है, याके द्वादश स्कंधनमेंसूं प्रथम द्वितीय दो स्कंधनमें श्रोतावक्ताके लक्षण वर्णन किये हैं और तृतीयस्कंधसूं लेकर द्वादशस्कंधपर्यंत 'अत्र सर्गो विसर्गश्च' या क्रमसे भगवानकी सर्गादिक दशविध लीलानकौ वर्णन हैं। षष्ठ स्कंधमें 'पोषणं तदनुग्रहः' भगवान्की पुष्टिलीलाकौ वर्णन है यामें षष्ठ स्कंधके प्रथमके तीन अध्यायनमें अजामिलोपाख्यानसूं भगवानके नाममाहात्म्यकौ वर्णन है यासूं अगारी अन्य पुष्टिलीलानकौ वर्णन करकैं षष्ठ स्कंधके ग्यारहमें अध्यायमें भक्तिमार्गके प्रकट करवेके लिये इन्द्र और वृत्रासुरके युद्धके समय वृत्रनें इन्द्रके प्रति जो वचन कहे हैं तिनसूं वृत्रके ऊपर भगवत्कृपाकौ फल प्रकट होय है। यासूं अगारी वृत्रासुरकी अत्युत्कट भक्तिसे सन्मुखमें प्रकट भये भगवान्सूं चार श्लोकनमें चतुर्विध पुरुषार्थकी प्रार्थना जो वृत्रनें करी है यासूं याकौ नाम वृत्रासुर चतुःश्लोकी है। यामें पुष्टिमार्गीय धर्म, अर्थ, काम, मोक्षकौ वर्णन है। यहां यह प्रतीत होय है कै जासमय श्रीमद्वल्लभाचार्यवर्य, प्रथम द्वितीय तृतीय स्कंधकी व्याख्याकरकै प्रभुआज्ञावश दशमस्कंधनिरोधस्कंधकी व्याख्या करवेलगे, तासमय आपनें मनमें यह विचारिकै मेरौ भूतलपै प्रादुर्भाव होनों पुष्टिमार्गके प्रकट करवेके लिये भयौ है सो यह पुष्टिप्रकरण अवश्य कहनों चाहिये। यह विचारकै, अपनी इच्छासूं अथवा श्रीविठ्ठलेश्वर प्रभुकी प्रार्थनासूं 'पुष्टिमार्गे हरेर्दास्यं' यह एक कारिका श्रीआचार्यचरण-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri
...ग्रन्थालय, भरतनिधि, करौंदी वाराणसी-5

ननें कही है, या कारिकाकौ आशय हृदयमें धरकैं शेष संपूर्ण चतुःश्लोकीकी सुबोधिनी व्याख्या श्रीमद्विठ्ठलेश्वर प्रभुचरणननें करी है, किन्तु चतुर्थश्लोककी व्याख्याकौ आशय सकलसाधारण मनुष्यनके समझवेमें नही आवै है यासूं या चतुर्थश्लोककी विवृत्तिके अपर गोस्वामि श्रीहरिरायजीकी टिप्पणी है और श्रीवल्लभगोस्वामिजीकी टिप्पणी है तथा गोस्वामि श्रीपुरुषोत्तमजीको प्रकाश है। या प्रकाशकौ आश्रय लेकरही मेंने या वृत्रचतुःश्लोकीकौ अनुवाद ब्रजभाषामें कियौ है। यद्यपि याके अनुवाद गुर्जरभाषामें बहुत होय चुके हैं मोकूं याके अनुवाद करवेकी कोई आवश्यकता नही ही, तथापि पूर्वके आचार्यकुलावतंसननेभी भागवतके बहुतसे प्रकरणनकी कविता ब्रजभाषामेंही करी है और अष्टसखानकी तथा अन्य २ हरिभक्तनकी कविताभी वृजभाषामेंही है। कारण के स्वयं चरित्रनायक हूं ब्रजवासी है और दूसरौ कारण ये है के आजकलकी कवितामें और अन्यदेशी भाषामें फारसीके शब्द बहुतसे मिलरहे हैं और ब्रजभाषाकूं थोरी २ सबही देशनमें समझ जाय हैं यह पूर्वके कवीनकी कवितांकौही प्रभावहै यदि वृजभाषाकौ आदर नही कियौ जायगौ तौ कोई दिनमें संस्कृतके शब्दनकौ अर्थहू समझनों कठिन परजायगौ। मेरे पास औरहू ग्रंथ वृजभाषामें लिखे धरे हैं किन्तु पंडितनकौ चित्ततौ धनोपार्जनासक्त होयवेते कान खुजायवेकौभी सुभीता नही है, तब मेरी भूलचूककूं शोधन कौन करै यासूं उन विद्वज्जननसूं मेरी यह प्रार्थना है कै 'जनैः पंडित इत्युक्तः प्राप्नोषि परमं सुखं, मनसा कर्म्मणा वाचा पंडितो भव सुव्रतः।' यासूं भगवत्संबंधी कार्यभी साधारण मनुष्यनके ऊपर उपकार करवेके लिये करनों चाहियै। या मेरे कथनमें कुछ अनुचित होय ताकूं विद्वज्जन क्षमा करैंगे।

क्षमाप्रार्थी स्वामि रूपकिशोरशर्म्मा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शुद्धिपत्र.

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्धं	शुद्धम्
१	१६	।	×
८	१८	देहाभाद्	देहाभावात्
९	४	।	×
१३	६	कै	के
२०	७	स्मरेत्	स्मरेत
२१	१६	निरूप	निरूपण
२६	१८	अलोकिक	अलौकिक
२८	७	पृष्प	पुष्प
२९	२	वत्सतरा	वत्सतराः
२९	१३	भेट	भेंट
३०	१६	जीवित	जीवन
३१	१	सं	सूं
३२	१	कैं	×
३२	३ आगे	विशेष	या प्रकार कामकी प्रार्थना करकै अगारी पुष्टिमार्गीय मोक्षकी प्रार्थना करै है
४१	३	कैं	के
४३	११	हे उत्तम श्लोकः	हे उत्तम श्लोक
४४	१५	आत्मा	आत्माराम
४५	१७	करै है	करे है
४७	१६	दैवै	दैवे
४८	५	सभाजयत्त्या	सभाजयन्त्यार्या
५२	२	माक्षे	मोक्ष
५४	१४	घट	घटं
५८	१	ताकूं	तोकूं
५८	३	दोषकौ	दोषके

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीहरयेनमः

अथ वृत्रचतुश्लोकी ।

श्रीगोपीजनवल्लभाय नमः ॥

"प्रसीदन्तु सदा रासलीलारसपयोधिषु ।
निष्कलंककलानाथौ भवद्वाचोस्मदीश्वराः ॥ १ ॥"

ननु पुरुषार्थाश्चत्वारस्तत्र त्रिवर्गविघातं भगवानेव करोति, मोक्षस्तु भक्तानामेव नापेक्षित एव इति भक्तिमार्गे न कोऽपि पुरुषार्थः सिध्यति, इत्याशंक्य भक्तिमार्गीयं तच्चतुष्टयं भिन्नमेवेत्याह चतुर्भिः ॥

"पूर्वमिन्द्रं प्रति प्राह ततो भक्त्याग्रतो हरिं ।
दृष्ट्वा तं प्रार्थयामास पुष्टिर्दृष्टिफलायतः ॥ १ ॥
आद्ये तु पुष्टिमार्गीयो धर्मः स्मरणकीर्तने ।
सेवा चेति त्रयं तेन प्रार्थितः स निरूप्यते ॥ २ ॥
आत्मनश्चाधिकारित्वमुत्तमं दीनभावतः ।
प्रार्थनीयतया तस्य साधनं च कृपोच्यते ॥ ३ ॥"

तत्र प्रथमं धर्मं प्रार्थयन्नधिकारित्वं निरूपयति । अहमिति ।

अहं हरे तव पादैकमूल-
दासानुदासो भवितास्मि भूयः ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मनः स्मरेतासुपतेर्गुणानां
गृणीतवाक्कर्मकरोतु कायः ॥ १ ॥

हे हरे ! अहं तव पादैकमूलदासानुदासो भवितास्मि भविष्यामीत्यर्थः । ननु सर्वस्यापि दुःखात्यन्ताभावोऽपेक्षितः स च मोक्षंविना न भवतीति किं दास्येनेत्यत आह । हे हरे इति संबोधनं, अत्रायं भावः दास्येहि त्वमेव दासानां त्रिविधमपि दुःखमपनयसि, मोक्षे तु ज्ञानं तच्च तव धर्मस्तेन धर्मापेक्षया धर्म्याश्रयमेव युक्तं, किं च, मोक्षे दुःखनिवृत्तावपि प्रभुकृपया मम दुःखं गतमतोहं सुखेन वर्ते इति भावस्तुदुर्लभ एव भेदाभावात् दास्ये तु न तथेत्याशयेनास्मच्छब्देन भेदमुपपादयति । अहमिति, ननु दास्यं कथं सेत्स्यतीत्यत आह, 'तवेति' त्वदीयोहमित्यर्थः । तेनावयोः सेव्यसेवकभावः सहजः इति निश्चितमन्यथा त्रिवर्गविघातमसुरत्वेपि सति कथं कुर्यात् । ततो मोक्षे चानधिकार उक्तः । एवं चेत्कथं दास्यं न करोषीत्यत आह 'भवितेति' जीवस्य त्वदीयत्वेपि देहस्यासुरत्वेनायोग्यत्वाद्देहान्तरे दासो भविष्यामीत्यर्थः । अतस्त्वदनुग्रहेण तथा भवितेत्यग्रे विश्वासमाह । 'अस्मीति' साक्षात्प्रभुदास्ये हि स्वस्य सर्वोत्तमत्वाऽभिमानेन भक्तान्तरेऽपराधसंभवात्प्रभुदास्यादपि भ्रंशो भवेत्तच्चानुभूतं चित्रकेतुदशायां अतःपरं दास्यत्वेन दैन्यमेवोचितमित भावः । अथवा, तवेत्यादि पदसमुदायेन मोक्षादिक्रमेण वक्ष्यमाणपुरुषार्थचतुष्टयेप्यधिकाररूपं चतुर्विधदास्यमुच्यते । तत्र पुष्टिमार्गे हि मोक्षो भजनानंदानुभवः, अनेन सेव-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नेऽतृप्ति सूच्यते, स च देहेन्द्रियान्तःकरणप्राणयुक्तानामेव, अक्ष एवतां । फलमिदं न परं विदाम इत्यत्र श्रुतिप्रतिपादितः तत्र चाधिकाररूपं प्रभुदास्यं भवामदास्य, इत्थमुक्तम् । अतस्तवेत्यसमासः । अन्यथा त्वत्पादेति वदेत् तव पादावेवैकं मूलं येषां ते तथा । अर्थाद्व्रजस्थितभक्ता एव तेंऽघ्रिमूलं प्राप्ताः । 'तन्नः प्रसीद वृजिनार्दन तेंऽघ्रिमूलं प्राप्ता विसृज्य वसतीस्त्वदुपासनाशाः । त्वत्सुंदरस्मितनिरीक्षणतीव्रकामास्तप्तात्मनां पुरुषभूषण देहि दास्यं ' इति तेषामेवोक्तेः । तेन कामाधिकाररूपं तद्दास्यमुक्तमन्यथा कामासिद्धेः । अत एवोक्तमाचार्यचरणैः 'तद्द्वारा पुरुषाणां च भविष्यति न चान्यथा । अनुपदेन तद्दासत्वमर्थाधिकाररूपमुक्तं । अतस्तद्दास्यत्वं धर्माधिकाररूपमुक्तं ननु सत्संगाभावादेवं भावस्तव कथं जात, इत्यत आह ' भूय इति ' पूर्वमहं चित्रकेतुर्दास एव स्थितोऽतः पुनरपि तथा भवितेति भावः । एवं स्वस्याधिकारचतुष्टयं प्रतिपाद्य तरतमभावादादौ धर्मं प्रार्थयते मनः स्मरेतेति ' असुपतेरिति, गुणानामिति च कर्मणि षष्ठी । तथा च मनोऽसुपतिं स्मरेत चिंतयेत् । स्मरणस्यात्मसुखैकसाधनत्वादात्मनेपदं । वाक् तस्यैव गुणान्गृणीत कीर्तयेत् । कीर्तनस्यापि मुख्यः । स्वार्थ एव, परार्थस्तु आनुषङ्गिक इत्यात्मनेपदम् । कायस्तस्यैव कर्मसेवां करोतु । सेवा तु यथा प्रभुसुखं भवति तथा क्रियते, नतु तत्राणुमात्रमपि स्वार्थपरत्वंमतः परस्मैपदं । स्मरणकीर्तनयोः श्रवणाधीनत्वेनान्यकथनंसापेक्षत्वाद्विधिरुक्तः । सेवायां स्नेह एव नियामकः स च प्रभुकृपैकसाध्य इति तत्राशीर्निरूपिता ॥१॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एवं मनोवाक्कायभेदेन त्रिविधमपि धर्मं संप्राथ्यार्थं निरूपयति।

" लौकिको वैदिकश्चार्थस्त्रिविधः प्राकृतैर्गुणैः ।
क्रमेण ते भगवतो गुणैः षड्भिर्निराकृताः ॥ १ ॥
स्वर्गभूमिरसैश्वर्यं सात्त्विकादि तु लौकिकम् ।
मोक्षश्च पारमेष्ठ्यं च सिद्धयश्चेति वैदिकम् ॥ २ ॥
प्रवृत्तिधर्मसाध्यत्वात्सामान्यं तत्तु लौकिकम् ।
निवृत्तिधर्मसाध्यत्वाद्विशेषाद्वैदिकं परम् ॥ ३ ॥
प्रत्येकमेव तेचार्था न तु संभूय कुत्राचित् ।
भगवत्यखिलात्मत्वाद्भवन्त्येव तथा हि ते ॥ ४ ॥
अतोर्थो भगवानेव पुष्टिमार्गेऽङ्गमन्यतः ।
सर्वतो नैरपेक्ष्यं च तथात्र विनिरूप्यते ॥ ५ ॥ "

न नाकेति ।

ननाकपृष्ठं न च पारमेष्ठ्यं
न सार्वभौमं न रसाधिपत्यं ॥
न योगसिद्धीरपुनर्भवं वा
समंजसत्वाविरहय्यकांक्षे ॥ २ ॥

आदौ लौकिकसात्त्विकमर्थं निराकरोति ' ननाकपृष्ठमिति । ' नाकः स्वर्गस्तस्यपृष्ठमासनं राजासनमिन्द्रासनमित्त्यर्थः । तच्च नश्यति कालान्तरे । अतस्त्वय्यखंडैश्वर्यस्य विद्यमानत्वात्तन्न कांक्षे नेच्छामि इत्यर्थः । वैदिकराजसमर्थं निराकरोति ' न पारमेष्ठ्यं ' परमेष्ठी ब्रह्मा रजोवतारत्वात्तत्स्थानं राजसं तत्र च

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ब्रह्मणा सहमुच्यत इति वाक्यात्पारतंत्र्येण फलसिद्ध्या वीर्य-हानिरेव । त्वयि चाखंडितवीर्यस्य विद्यमानत्वात्तदपि न कांक्षे। लौकिकराजसमर्थं निराकरोति 'न सार्वभौममिति' सर्वभूमेरीश्वरत्वे हि सर्वत्रलोके यशो भवति, तच्च दानादि सापेक्षत्वादौपाधिकं साऽवधिकं च 'तद्वायसं तीर्थमिति वचनात् "न यद्वचश्चित्रपदं हरेर्यशो जगत्पवित्रं प्रगृणीत कर्हिचित् । तद्वायसं तीर्थमुशन्ति मानसा न यत्र हंसा निरमंत्युशिक्षयाः" इति प्रथमे, स्वरूपतोऽपि दुष्टं । तथा राज्यान्ते नरकं ध्रुवमिति वचनादवसानतोपि दुष्टं । त्वयि चानवद्ययशसो विद्यमानत्वात्तदपि न कांक्षे । लौकिकतामसमर्थं निराकरोति । "न रसाधिपत्यमिति" रसेत्युपलक्षणं तेनाधो लोकाः सर्वेपिनिरूपिताः । तत्र च भूम्यपेक्षया सुखभोगोधिकः । स च श्रिया भवेत्सा च त्वया बलेरपहृता दत्ता च पुरंदराय । त्वयि चानपायिन्याः श्रियो विद्यमानत्वात्तदपि न कांक्षे । वैदिकतामसमर्थं निराकरोति । 'न योगसिद्धीरिति' अपक्वयोगिनो यदि सिद्धिबलेनापेक्षितविषयान्संसृज्य भोगं कुर्वन्ति, तेन योगादपि भ्रष्टा भवंति इति तेषां ज्ञानं भ्रांतमेव । त्वयि चाखंडितनित्यज्ञानस्य विद्यमानत्वात्ता अपि न कांक्षे वैदिकसात्विकमर्थं निराकरोति । 'अपुनर्भवं वेति' सत्वात्संजायते ज्ञानं इति वाक्याज्ज्ञानस्य सात्विकत्वेन तत्साध्यमोक्षस्यापि तथात्वमुच्यते । स च गणितानंदत्वेन त्वदानंदांश एव न तु त्वं पुरुषोत्तमः तत्रापि सेव्यसेवकभावेन नाऽन्योन्यसापेक्षताभेदाभावात् । अतस्तस्यार्थत्वाभावायाऽपुनर्भवपदं, जन्माभावातिरिक्तविशेषाभावात् । त्वं तु

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पूर्णानंदो भक्तसापेक्षश्च । 'साधवो हृदयं मह्यं साधूनां हृदयं त्वहम् ।' मदन्यत्तेन जानंति नाहं तेभ्यो मनागपीति वाक्यात् । अतो भक्तारिक्तरागाभावेन त्वय्यखंडितवैराग्यस्य विद्यमानत्वात्तदपि न कांक्षे । मर्यादायां मोक्षस्तुरीयपुरुषार्थः स च पुष्टौ हेयत्वेनार्थमध्ये गणित इत्यनादरद्योतनाय वेत्युक्तं यत्र मोक्षस्याप्यनादर तत्रान्येषां किं वाच्यमिति, तर्हि कोर्थस्तवापेक्षित इत्यत आह । 'समंजसेति' हे समंजस ! पूर्णत्वात्सकलार्थरूप ! अतस्त्वां विरहय्य पृथक्कृत्य उक्तार्थानहं न कांक्षे । किन्तु त्वामेव सर्वार्थरूपत्वादर्थत्वेन कांक्षे ॥ २ ॥

एवं अर्थं निरूप्य कामं निरूपयति । अजातपक्षा इति ।

अजातपक्षा इव मातरं खगाः
स्तन्यं यथावत्सतरा क्षुधार्ताः ॥
प्रियं प्रियेव व्युषितं विषण्णा
मनोरविन्दाक्षदिदृक्षते त्वाम् ॥ ३ ॥

"पुष्टिमार्गेहरेरूपदिदृक्षा मनसोस्य हि ।
कामो निरूप्यते तत्र दृष्टान्तत्रितयं तथा ॥ १ ॥
द्वितयं लौकिकं प्रोक्तमेकं शास्त्रीयमुत्तमम् ।
लौकिकस्त्रिगुणीभूय दृष्टान्तः स्यादलौकिके ॥ २ ॥
अन्यथैकतरेणापि सिद्धेऽर्थे त्रितयेन किम् ।
क्षुद्रूपो लौकिकःकामो रसरीत्या तु शास्त्रतः ॥ ३ ॥
प्रभोस्तु रसरूपत्वात्स्वस्यैकत्वेन चोत्तमः ।
अयमेव हि दृष्टान्तस्तेनान्ते चैकतोदितः ॥ ४ ॥"

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हे अरविन्दाक्ष ! मनस्त्वां दिदृक्षत इति संबंधः । नेत्रयोरम्बुजत्वेन तद्दिदृक्षया मनसो मधुपत्वं बोधितं । तथाचारविन्दे विकसिते मधुपस्य कामः सिध्यति तथा दृष्टिं मयि संपादयेति प्रार्थितं । दिदृक्षः हेतुभूतं स्वरूपसौन्दर्यं संबोधनेन ध्वनितं । मनसः स्वतन्त्रत्वाभावायास्मच्छब्दप्रयोगाभावः । किं च दिदृक्षा दृशोर्धर्मः स च मनसो निरूप्यते तेन सर्वेन्द्रियाणामपि मनः संनिकर्षणात्पूर्णकामो निरूपितः । अन्यथा भजनानंदानुभवो न स्यात् । तस्य सर्वेन्द्रियैकवेद्यत्वात् । प्रभोः पूर्णकामत्वेन । क्रियाफलस्यात्मगामित्वायात्मनेपदम् । मनसश्चंचलत्वान्मधुपत्वबोधनेन च कामान्तरं संभवति इति तदभावाय दृष्टांतमाह । 'अजातपक्षाः क्षुधार्ताः ।' खगा मातरमिवेति । यथा पक्षिणः कदा किमानीय दास्यति मातरं द्रष्टुमिच्छन्ति खगानां नियतभक्ष्याभावादनियतस्य च क्षुधार्ततयाऽर्थासिद्धत्वादत्र नोक्तं तदपि न सर्वदा किन्तु कियत्कालपर्यन्तमेवेत्याह 'अजातपक्षा इति' पक्षोदयानंतरं न तथेति तावदेव दृष्टान्ततेत्यर्थः । तथा चात्र क्षुदुपाधिकृतत्वमनियतविषयत्वमनियतकालत्वं चेति दूषणत्रयं संभाव्य द्वितियं दृष्टान्तमाह 'स्तन्यं यथा वत्सतराः' क्षुधार्ता इति । वत्सतरा अतिबालकास्ते यथा कदा स्तन्यं प्राप्स्याम इति तदिच्छन्ति तथेत्यर्थः । तेषां स्तन्यमात्रैककामत्वादत्र तदेवोक्तं । मातुरभावे तद्बुद्ध्या परस्यापि स्तन्यं पिबन्ति इति तदनुक्तिः । अत्रापि नियतविषयत्वेऽपि वत्सतरपदादनियतकालत्वं क्षुदुपाधिकृतत्वं चेति दूषणद्वयं संभाव्य तृतीयदृष्टान्तमाह 'प्रियं प्रिये वेति' प्रियपदादुभयत्र निरुपाधिकः स्नेहो निरूपितः । स्नेहस्य तथात्वं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तदभिज्ञेनोक्तं । आविर्भावदिनेन येन गणितो हेतुस्तनीयानपि ’ इति तेनोपाधिदूषणमत्र परिहृतं । ‘ अव्युषितमिति ’ प्रवासिन-मित्यर्थः । तेन गमनक्षणमारभ्याऽऽगमनावधिपर्यंतं दिदृक्षैकर-सत्वादनियतकालत्वमपास्तम् । विषण्ण इतिपदादनियतविषयत्वं च । अन्यथा खेदासंभवात् । एवं दोषत्रयाभावादयमेव दृष्टान्तो युक्त इत्याशयेन स्वस्यैकत्वादत्रापि एकवचनमुक्तम् । बहुषु तथा-त्वस्यासंभवादत एव अंते च निरूपणं कृतं । पूर्वोक्तद्वयमेकदेशा-भिप्रायेणेति तत्कथनमपि नानुपपन्नम् । किंच । प्रियाहि विप्र-योगे केवलं विषादमात्रं न करोति किन्तु प्रिये विविधरससं-भावानन्तःप्रकटयति । प्रकारान्तरेण जीवनमेव न स्यात् । जाते जीवने पियत्वं बाधितं स्यात् । स्वस्य पुरुषत्वेन स्त्रीदृष्टा-न्ताऽनुपपत्त्या च तज्जातीय रसभाव उक्तः । अतो रसस्याति-गोप्यत्वादयं भावः प्रिया पदेनाभिव्यज्यते । विषादस्य तु बहिरप्यनुभूयमानत्वादन्यज्ञानविषयत्वाच्च तथा विशेषणम् । एवमनेकरसभावविशिष्टं विषण्णं च मनस्त्वां दिदृक्षते न तु दर्श-नमात्रमिच्छति तत्तु पूर्वमर्थत्वेन कांक्षितत्वादत्रानुपपन्नम् विशे-षाभावात् । अन्यच्च अस्मच्छब्दप्रयोगो हि देहाध्यासकृतो भवति सांप्रतं तु रसानुभवयोग्यदेहाभावादत्रशरीरस्य च तत्प्रतिबिंबक-त्वादध्यासाभावान्मन एवोक्तं । न तु ममेति । दृष्टान्ते च तदध्यासस्य दृढत्वात्प्रियेति निरूपितं । न तु मनः । अन्यथा प्रियेवाहं दिदृक्षे इति दृष्टान्तसाधर्म्ये वक्तव्ये मनो दिदृक्षत इति न वदेत् । अतो रसमार्गीयः कामो रसरीत्यैव पूरणीय इति तथा संबोधनेन प्रार्थितम् ॥ ३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एवं कामं निरूप्य मोक्षं निरूपयति, ‘ममेति’

“ममोत्तमश्लोकजनेषु सख्यं
संसारचक्रे भ्रमतः स्वकर्मभिः ॥
त्वन्माययात्मात्मजदारगेहे-
ष्वासक्तचित्तस्य न नाथ भूयात्” ॥ ४ ॥

“पुष्टिमार्गे हरेर्दास्यं धर्मोऽर्थो हरिरेव हि ।
कामो हरेर्दिदृक्षैव मोक्षः कृष्णस्य चेद् ध्रुवम् ॥ १ ॥”

पुष्टिमार्गे मोक्षो निरूप्यते। तत्रस्थितौ बंधो नामाहंता ममतास्पददेहेष्वासक्तिस्तदन्येषु संगश्च तस्य सहेतुकस्याभावो मोक्षश्च। पुष्टिस्तुतद्विपरीता। तत्र व्यवस्थया। मोक्षद्वयमाह ‘ममोत्तमेति’ मोक्षो हि द्विविधः पुष्टिमर्यादया, पुष्टिपुष्ट्या च। भगवत्परोक्षापरोक्षाभ्यां व्यवस्था। प्रत्यक्षेपि भगवति शास्त्रार्थत्वायोत्तमश्लोकजनेष्विति समासः (शास्त्रप्रतिपादितवस्तुनिर्णयायेत्यर्थः) भक्तसंवलित एव भगवांस्तद्द्वारा फलं ददातीति पौरुषसभाजनं च फलं। भक्तेषु दास्यपर्यंतस्य साधनसाध्यत्वात्सख्यं प्रार्थयते। उक्तं च श्रीकपिलदेवेन ‘नैकात्मतां मे स्पृहयंति केचिन्मत्पादसेवाभिरतामदीहाः। येन्योन्यतो भागवता प्रसज्य सभायंते मम पौरुषाणि ॥’ सर्वथा स्वतन्त्रत्वाय स्वनिष्ठभक्तविषयकीर्तनम्।+ *गुणसभाजने स्वस्यापि स्वातन्त्र्यार्थं मुक्तेरपरि-

+ स्वस्यासक्तिविषयाभक्ताः संतु इति प्रार्थनातात्पर्यं न तु भक्तनिष्ठविषयकीर्तनमित्यर्थः।

* सेव्यसेवकभावरहितं स्वातंत्र्यं दोषरूपमित्यर्थः।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

च्छेदार्थं च बहुवचनम् (एकदेशवृत्तित्वं परिच्छेदः) व्यापकत्वमपरिच्छेदोऽत्र व्यापकत्वं । इत्यर्थः भक्तजनत्वादेव । स्वातंत्र्येण न दोषसंबंधः । संसारस्य चक्रत्वादेव परिभ्रमणविषयोपार्जनक्लेशाभावः (क्लेशसाधनपदं मूले भ्रमत इत्यस्यार्थः) क्लेशसाधनपदेन कृपया साधननिष्पत्तिश्च सूचिता । योग्यायोग्यदेहानां बहुधा जातत्वादिदानीं तदभावार्थं प्रार्थना । क्लेशे स्वामिनामग्रहणस्य हेतुत्वेनायुक्तत्वात्कर्मपदं । आवश्यकत्वाय स्वपदं निरवधित्वाय बहुवचनम् । चक्रभ्रमणे दंडस्येव मुख्योपयोगे तृतीया । अस्यामुक्तेर्गौणत्वज्ञापनायनात्र प्रार्थनापदप्रयोगः । तथा चैतादृशभगवद्भक्तसख्यं पुष्टिमर्यादायां मोक्ष इत्युक्तम् । द्वितीयपुष्टिपुष्टिमाह "त्वन्माययेति" समासादेव भिन्नतया न मायामोहनं पूर्वस्माद्विशेषस्त्वत्पदेनोक्तः । आभिमुख्यं च चक्र एव परिभ्रमतः सख्यं न भगवदिच्छया हिरण्यकशिपुप्रभृतिष्विव कुटुंबासक्तस्य सर्वथानन्यत्वभंगप्रसंगात् । कृतार्थत्वं तु नाथपदप्रयोगादेव सूचितम् । तदन्ते च प्रार्थना 'भगवदीयत्वेनैव परिसमाप्तसर्वार्था' इति सिद्धान्तितत्वात् । धर्मार्थकाममोक्षचतुर्विधपुरुषार्थसिद्धयर्थं मायाक्रमादेहाध्यासं करोति । तत्र देहाध्यासे धर्मसिद्धिः प्रसिद्धा पुत्रापेक्षया अन्यार्थस्योत्कृष्टस्याभावादर्थसिद्धिः । स्त्रिया कामसिद्धिः प्रसिद्धा । भक्तानां ग्रह एव विशिष्यते, इति न्यायात् । चित्तस्य वासुदेवात्मकत्वान्मोक्षप्रकरणत्वाच्च चित्तपदप्रयोगः । क्रीडाप्रतिबंधकत्वात्प्रकृतेविरोधाच्च निषेधप्रार्थना । तथा च कर्मसंबंधव्यतिरेकेण केवलभगवन्मामया । रमणरूपया गृह एव चतुर्विधपुरुषार्थसुखमनुभव-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

न्भगवदीयः स्यात् । इति द्वितीया मुक्तिः । इयमेव मुख्याऽऽ-शीरिति सर्वान्ते भूयादिति क्रियापदप्रयोगः ॥ ४ ॥ इति श्रीमद्भागवते षष्ठस्कंधे एकादशाध्याये श्रीमत्प्रभुचरणकृता वृत्रश्लोकचतुष्टयव्याख्या संपूर्णा ॥ ४ ॥

अथ

वृत्रासुरचतुःश्लोक्याः

श्रीसुबोधिनी व्याख्याया

व्रजभाषानुवाद प्रारभ्यते ।

यहाँ यह प्रतीति होय है कि संपूर्ण वृत्रचतुश्लोकीकी सिद्धांतसूचिका 'पुष्टिमार्गे हरेर्दास्यं' यह अन्तकी एक कारिका श्रीमद्वल्लभाचार्यचरणननें कही है, याकौ तात्पर्यार्थ हृदयमें धरकर अन्य कारिका तथा श्रीसुबोधिनीव्याख्या श्रीमद्गोस्वामि श्रीविठ्ठलेशचरणननें करी है तहाँ एक श्लोकसूं मंगलाचरण करैं हैं ।

प्रसीदं तु सदा रासलीलारसपयोधिषु ।
निष्कलंककलानाथी भवद्वाचोमदीश्वराः ॥

Dr: Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हे श्रीवल्लभवैश्वानर प्रभो, सर्गविसर्गादि दशविध प्रभुकी रासलीलारसके धारणकर्ता स्कंधरूप समुद्रनमें विचरवेवारे, निष्कलंक चन्द्रमारूप आपके वचन, हमारे ईश्वर अर्थात् हमारे अंतःकरणके नियामक, लीलारसस्वरूपके ज्ञानप्रदान करवेवारे हमारे ऊपर प्रसन्न होउ ॥ १ ॥ याप्रकार मंगलाचरण करकैं, पूर्वप्रकरणार्थ बोधके लिये एक कारिका कहै है कि (पूर्वमिंद्र प्रतिप्राह) पूर्वनाम वृत्रचतुःश्लोकीके प्रकरणसूं पहलें, वृत्रनें इन्द्रके प्रति वचन कहे । इन्द्रसूं वृत्रने जो वचन कहे हैं तिनें हम संक्षेपमें कहैं हैं । वृत्र बोलौ कि हे अधमाधम इंद्र ! तू मेरौ शत्रु मेरे सन्मुख ठाडौ है, यह बहुत अच्छौ भयौ, तू ब्राह्मणकौ, अपने गुरुकौ, भ्राताकौ, मारवेवारौ है । यासूं याही समय अपने तीक्ष्ण त्रिशूलसूं, तेरे पत्थरसदृश हृदयकूं छेदकरके, आज में अपने भैय्या विश्वरूपसूं उरिण है जाऊँगो ॥ १ ॥ तेंनें स्वर्गकी कामनासूं, ब्राह्मण, ब्रह्मज्ञानी, मंत्रदाता गुरु, निष्पाप, भगवद्भक्त, यज्ञदीक्षित, मेरे बड़े भ्राता विश्वरूपकूं आचार्य बनाय करकै, विश्वास देकरकैं, ताके मस्तक, आते निर्दयी वधिक जैसे पशूनके मस्तकनकूं काटे है, तैसे तेंनें काटे हैं ॥ २ ॥ यासूं लज्जा, लक्ष्मी, कांति, कीर्ति, दया, आदिसूं तू रहित है, या अपने किये दुष्कर्मसूं राक्षसनकरके भी तू निंदनीय है । या मेरे त्रिशूलसूं तेरे शरीरके फटवेसूं तेरी कठिनतासूं मृत्यु होयगी । ऐसे दुष्कर्मकर्ता, या तेरे शरीरकौ स्पर्श कोईभी नहीं करैगौ, यासूं अग्निदाहके विना गिद्धही खाँयगे ॥ ३ ॥ और दुष्कर्मकर्ताके तेरे जो अनुयायी हैं, या

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संग्राममें शस्त्र लेकरके मेरे ऊपर प्रहार करैंगे, उनकेभी गलेनकूं अपने तीक्ष्ण त्रिशूलसूं छेदकरके, सगण भूतनाथ भैरवादिकौ यजन करूँगो ॥ ४ ॥ परंतु हे वीर ! या संग्राममें कोईकी जयपराजयकी कोईकूं निश्चय नही है, यासूं हे इन्द्र ! यदि या संग्राममें या वज्रसूं मेरी सेनाकूं मारकरके, मेरे मस्तककूं तूही काटैगौ, तब या देहकी भूतनके लिये बलि भेट देकरकैं उनसूं उरिण होयकरके हरिभक्तनकी सर्वस्व जो हरिपदपद्मरज है ताकूं प्राप्त होऊँगो ॥ ५ ॥ हे सुरेश; यह तेरौ वज्र हरिके तेजसूं युक्त है या वज्रकूं तेरे अगारीमें ठाडौ जो तेरौ शत्रु मैं हूं मेरे ऊपर क्यौं नही छोडै है । हे सुरेश ! तू संदेह मति करै, जैसे कृपणसूं करी याचना निष्फल जाय है, तैसे या वज्रकौ प्रहार गदाकी भाँति निष्फल नहीं जायगौ ॥ ६ ॥ क्यौंकि हे इन्द्र, यह मोकूं निश्चय है कि यह तेरौ वज्र हरिके तेजसूं, दधीचि ऋषिके तपोबलसूं युक्त पैनौं है । और तू विष्णुकी शिक्षा मान कर, भगवत्प्रेरणासूंही यहां आयौ है यासूं या वज्रसूं तू मोकूं जीत । क्योंकि 'या पक्षमें विष्णु रहैं हैं ताही पक्षकी जीत होय है । तहाँही जय श्रीलक्ष्मीआदि गुण निवास करैं हैं' ॥७॥ या प्रकार इन्द्रसूं कह करकैं अपने दृढनिश्चयकूं कहै हैं । 'वृत्र बोलौ कि' भगवान्संकर्षणनें या प्रकारके भक्तिमार्गकौ उपदेश मोकूं दियौ है, ताके अनुसारही हरिचरणारविंदमें दृढपूर्वक अपने मनकूं धारण करकैं, तेरे वज्रके वेगसौं कट्यौ है कर्मबंधनरूप आसुरी देह जाकौ ऐसौ जो मैं हूं हरिचरणारविंदमें प्राप्त होऊंगो ॥८॥ और यह भी निश्चय है कि हरिचरणारविन्दमें

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जिनकी मति है ऐसे अपने प्रेमी भक्तनकूं भगवान् अपनायकर अंगीकार करैं हैं, उनकूं स्वर्गभूमि रसातलकी संपत्ति नहीं देंय हैं, क्योंकि इनके निमित्तही प्राणीनमें द्वेष, मनश्चंचलता, मानसी व्यथा, कलह, अनेक व्यसन होंय हैं। और इनकी प्राप्तिमें, रक्षामें, वृद्धिमें अनेक प्रकारके परिश्रम करने पडे हैं और दुःख सहने पडे हैं ॥ ९ ॥ हे शक्र भगवान्। अपने भक्तनके धर्म, अर्थ, कामरूप त्रिवर्गके साधनमें जो परिश्रम हैं उनकौ नाश हमारे श्रीपतिही विधान करैं हैं। या त्रिवर्ग साधन परिश्रमके नाशसूं यह प्रतीति होय है कि 'यह भगवदनुग्रहरूपा प्रसन्नता है। यह भगवदनुग्रहप्रसाद, हरिचरणकमलनके अतिरिक्त अन्य कुछभी नहीं है प्रिय जिनकूं, तिनके गोचर-दृष्टिगोचर है अर्थात् सुलभ है और स्वर्गादि सुखाभिलाषिनकूं दुर्लभ है। अर्थात् मैं इंद्र हूं यह स्वर्ग मेरौ है या अभिमानसूं तेरैं स्वर्गसुखाभिलाषा है। यासूं ही भगवाननें या वज्रसूं जयकौही उपाय तोकूं बतायौ। हे शक्र! या संबोधन पदसूं यह भाव सूचित कियौ ॥ १० ॥ याप्रकार इन्द्रसूं कहे पश्चात हरिस्मरणसूं हृदयमें वृद्धिकूं प्राप्त भई जो प्रेमानंदरूपा उत्कट भक्ति, या भक्तिके उद्रेकसूं श्रीहरिपदपद्मप्रेमी, सर्वत्यागी, निष्किंचन भक्त, वृत्रके संमुखमें स्थित जो कोटिकाम लावण्यमूर्ति श्रीहरि, तिनके दर्शन करके, वृत्र, भगवानसूं ऐसी प्रार्थना करने लगौ, कि जिन प्रार्थनीय वचननसूं 'पुष्टिः' हरिकृपाकौ फल प्रत्यक्ष प्रकट होय है। अर्थात् भगवत्कृपाके विना ऐसे प्रार्थनीय वचन, अन्य कोई नहीं कहसकै है जैसे कि वृत्रासुरनें

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भारतनिधि, करौदी
वाराणसी-5

कहे हैं । यह प्रार्थनीय वचन अगारीके चार श्लोकनमें कहे हैं ॥

वृत्रासुर अपने मनमें शंका समाधान करतौ कहै है कि या जगत्में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चार पुरुषार्थ हैं, उनमेंसूं भक्तनके त्रिवर्गकौ नाश तौ भगवान्ही कर देय हैं, और चतुर्थ पुरुषार्थ मोक्षकी इच्छा भक्तनकूं होय नही है, तब भक्तिमार्गमें कोई पुरुषार्थही नही रह्यौ । मानो अपने मनमें ऐसी शंका करके समाधानपूर्वक वृत्र कहै है कि, मर्यादामार्गीय धर्मादि चतुष्टयसूं पुष्टिभक्तिमार्गीय धर्मादि चतुष्टय न्यारौही विलक्षण है । यह प्रकट करतौ, मर्यादामार्गीय चतुर्वर्गकौ निरादर कर, भगवत्कृपासाध्य जो पुष्टिभक्तिमार्गीय धर्मादि चतुर्वर्गकी प्रार्थना 'अहं हरे' इत्यादि चार श्लोकनसूं करै है । तहां प्रथम श्लोकमें, पुष्टिभक्तिमार्गीय धर्मनिरूपण है । यासूंही वृत्रनें श्रीहरिनामस्वरूपस्मरण, हरिगुणकीर्तन, तथा प्रेमसेवा इन तीन कर्मनकी प्रार्थना करी है ॥ १ ॥ और मोकूं दासभावसूं अंगीकार करनेमें एक हरिकी कृपाही साधन है, और दीनभावसूं प्रार्थना करकैं अपनेकूं दासभावमें उत्तमाधिकारी सूचित कियौ है ॥ २ ॥ श्लोकः

अहं हरे तव पादैकमूल
दासानुदासो भवितास्मि भूयः ॥
मनः स्मरेतासुपतेर्गुणानां
गृणीतवाक्कर्म करोतु कायः ॥ १ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हे हरे; अहं तव पादैकमूलदासानुदासोऽस्मि, भूयः भविताऽस्मीतिसंबंधः । हे भगवन् ! आपकौ चरणकमल मूलही है एक आश्रय जिनकौ ऐसे आपके दासनकौ अनुवर्ती, आपकौ में दास हूं और 'भूयः जन्मजन्मान्तरमेंहू सदा आपकौ दासही रहूं। यद्यपि भगवान् सर्वज्ञ हैं सर्वान्तर्यामी हैं । तथापि वृत्र अपने मनमें यह शंका करकैं, कि वारंवारके जन्ममरणरूप दुःखसूं दुःखी होयकर यह वृत्र मेरी शरण आयौ है, यासूं याकूं मोक्ष दे देऊं । दास होयवेमें याकौ कहा कार्य सिद्ध होयगौ । ऐसी शंकामें कहै है कि हे हरे ! या संबोधनसूं यह सूचित कियौ कि हरिके दास होयवेसूंही, हरिभक्तनके त्रिविध तापकी निवृत्ति होय है । आधिभौतिक देहसंबंधी, आध्यात्मिक अन्तःकरणसंबंधी, आधिदैविक यमरुद्रादि देवसंबंधी, त्रिविधतापके तथा अहंताममतारूपामायाके आपही हर्ता हौ । यासूं ऐसे स्वामीके दास होयवेमें जो आनंद है, वह मोक्षमें नही है । और मोक्षकौ साधन जो ज्ञान है वह ज्ञान आपकौ धर्म है, अखंडरूपसूं आपमें विद्यमान है । यासूं धर्मकी अपेक्षासूं धर्मीकौ आश्रय लेनौंही मुख्य है । और मोक्षमें दुःख निवृत्त भये पश्चात् यह भाव होनौं दुर्लभ है कि प्रभुकृपासूं मेरौ दुःख गयौ, अब में प्रभुकृपासूं सुखी हूं, ऐसौ स्वामिसेवकभाव तौ दुर्लभही है । क्योंकि मोक्षमें स्वामिसेवकभेदभाव दूर है जाय है । स्वामीसेवकभाव तौ आपकी दासताहीमें है । यासूं आपकौ सदा दासही रहूं । यह स्वामिसेवकभेद 'अहं' पदसूं सूचित कियौ । यदि आप यह कहौ कि तू मेरौ दास कैसें है सकै

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है ? क्योंकि तू तौ असुर है । तहाँ कहै है कि 'तव' में आपकौ दासही हूँ । यह जीव आपकौ अंश है और आप अंशी हौ । या अंशांशीभावसूं में आपकौ सदाहीकौ दास हूँ । आपकौ और मेरो सेव्यसेवकभाव सहज सदैवकौ है । और पूर्वजन्ममें हूं आपकौ दासही हो । और या समयमेंभी अपने दास होयवेमें मोकूं यह निश्चय है कि जो में आपकौ दास नहीं होतौ, तो या आसुरी देहमें मेरे त्रिवर्गकौ नाश आप नही करते । यासूं या समयभी आपकौ दासही हूँ । या कथनसूं अपनेकूं मोक्षमें अनधिकारी सूचित कियौ । और दासधर्ममें अपनों उत्तमाधिकार सूचित कियौ । यदि आप यह कहौ कि जब तू मेरौ दास है तब मेरी दासबाके कर्मनकूं क्यों नही करै है । तहाँ कहै है कि 'भविता' यह जीव भगवदीय है आपकौ है और देह आसुरी है । सेवाके योग्य नही है । अगारी दिव्यदेहकी प्राप्तिमें आपकौ दासही होऊँगो । किन्तु आपके अनुग्रहसूंही ऐसौ होय सकै है । अब अगारी अपने दास होयवेमें विश्वास प्रकट करतौ कहै है कि 'अस्मि' में पूर्वजन्ममें हूं चित्रकेतु शरीरसूं आपकौ दासही हो, किन्तु अपनेमें उत्तमाभिमानसूं भक्ताग्रगण्य श्रीशिवके अपराधसूं सतीके शापसूं प्रभुके दासत्वसूं भ्रष्ट भयौ हूँ यह आसुरी देह पाई है यह मैंनें चित्रकेतु शरीरमें अनुभव कियौ है । यासूं अगारी प्रभुकी दासतामें, दीनभावसूं रहनोंही उचित है । यह भाव है । अथवा तवपदसूं आदि लैकर भूयः पदपर्यंत पदसमुदायसूं मोक्षादि उलटे क्रमकरकैं, चतुर्विध पुरुषार्थमें अधिकार-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रूप, चतुर्विध दासभावकी प्रार्थना वृत्र करै है । तहाँ पुष्टि-मार्गमें निरंतर संयोगवियोगात्मक रूपसें सदा भजनानंदकौ अनुभव करनोंही मोक्ष है । सदैव भजनानंदानुभवसूं प्रभुसेवामें मनकी अतृप्ति सूचित होय है । या हरिसेवाकूं देहेन्द्रियान्तः-करणप्राणयुक्त जीवही करसकें हैं । श्रीहरिकी प्रेमसेवाही फल है । क्योंकि 'अक्षण्वतां फलमिदं न परं विदामःश्रुतिरूपा गोपी-ननें ऐसेही कह्यौ है कि इन्द्रियवारेनकूं श्रीनंदनंदनके मुखकम-लकौ दर्शन करनोंही परमफल है और पर जो मोक्ष है वह परमफल नहीं हैं । क्योंकि धर्मके निर्णय करनेमें हम श्रुतिही प्रमाण हैं । हमारौ जान्यौ भयौ धर्म अन्यथा नहीं है सके है । यह हम जानें हैं । क्योंकि मोक्षके तौ साधनमेंही इन्द्रियादिकी विफलता है । यासे हरिलीलास्वरूपकी सेवा देहे-न्द्रियप्राणांतःकरणसे करवेवारी श्रुतिरूपा गोपीनकौ ऐसौ कथन है तातें सदा सर्वेन्द्रियादिसूं भजनानंदानुभव करनोंही मोक्ष है । ऐसे मोक्षमें दासकौही अधिकार है । क्योंकि 'गोपीननें दासभावकीही प्रशंसा करी है कि 'भवामदास्यः' आपके अलकावृत मुखादिकूं देखकर हम आपकी दासी भई हैं ।' यहाँ गोपीननें दासत्वही स्वीकार कियौ है । यासे भज-नानंद मोक्षमें हरिदासही अधिकारी है । यासेही कह्यौ है कि 'तव पादैकमूलदासानुदासोऽस्मि' 'तव पादावेवैकमूलं येषां ते तथा ।' आपके चरणाब्जयुगलही हैं एक मूलधन आश्रय जिनके ऐसे तौ व्रजरमणीरत्नही हैं व्रजस्थितभक्तननेंही ऐसे दास्य-भावकी प्रार्थना करी है यासूं व्रजभक्तनके अनुवर्ती दास होय-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वेते व्रजभक्तनकी कृपासूंही ऐसौ दास्य भाव होय सकै है अर्थात् व्रजस्थित भक्त तिनकौ दास्य यह कामाधिकारकौ दास्य सूचन कियौ। सो कहैं हैं कि 'तन्नप्रसीदवृजिनार्दनतेऽङ्घ्रिमूलं प्राप्ताविसृज्यवसतीस्त्वदुपनाशाः । त्वत्सुंदरस्मितनिरीक्षणतीव्रकामतप्तात्मनां पुरुषभूषणदेहि दास्यम्'। हे दुःखनाशन! आपके चरणसेवनकी आशा करकैं, हम सब गोपी अपने पतिपुत्रादिसहित गृहनकूं त्यागकर, आपके चरणकमलमूलमें प्राप्त भई हैं। यासूं हे पुरुषभूषण! आपके सुंदर मधुर मुसकानयुक्त निरीक्षणसूं उत्पन्न भये दुःसह कामकरकैं तपे हैं मन जिनके, तिनके ऊपर प्रसन्न होओ, और दास्यभाव प्रदान करौ, अर्थात् अपनी दासी बनाओ। या गोपीनके कथनसूं कामाधिकाररूप दास्यभाव कह्यौ। और या लोक, परलोककी सुखेच्छा, तथा भय और गृहत्यागकरकैं एक श्रीकृष्णपदपद्मही हमारे सर्वस्व धन हैं यासे अर्थाधिकाररूपदास्य कह्यौ। यासेही आचार्यचरणनने कह्यौ है कि 'तद्द्वारा पुरुषाणां च भविष्यति न चान्यथा' इन व्रजगोपिनके अनुचर या अनुचरीभावसे इनकी सेवारीतिपर चलनेसूंही पुरुषनकूंभी श्रीकृष्णस्वरूपसौन्दर्यरसकी प्राप्ति होयगी अन्य प्रकारसे पुरुषनकूं भक्तिरसकी प्राप्ति नहीं होय सकै है। यासूं इन गोपीनके सदृश भावसूं देहप्राणान्तःकरणेंद्रियसे करी प्रेमसेवाही फलरूपा है। क्योंकि 'अनुचरतीति' अनुचर, इन गोपीनके भावभक्तिरीतिसूंही श्रीकृष्णरसप्राप्ति होयगी. यह सब व्रजभक्तनकी कृपासूंही होय सकै है यासूं अनुपदसे व्रजभक्तनकौ दासत्व अर्थाधिकाररूप कह्यौ, यह अनुपदसूं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सूचित कियौ। यासूं यह दास्यत्वही धर्मोधिकाररूप है। यदि आप यह कहौ कि सत्संगके विना तेरें ऐसौ भक्तिभाव कैसैं उत्पन्न भयौ। तहाँ कहै है कि ' भूयः ' पहले चित्रकेतु शरीर-मेंभी आपकौ दासही हो, और अगारीभी सदा दासही रहूं। यह भाव है। या प्रकार अपने अधिकारचतुष्टयरूप दासभा-वकी प्रार्थना करकै अब दासधर्मकी प्रार्थना करै है कि ' मनोऽसुपतिंस्मरेत् ' यहाँ कर्ममें षष्ठी विभक्ति है। यासूं, यह अर्थ सिद्ध भयौ कि यह मन, प्राणनाथ आपकौ, आपके गुणनकौ स्मरण करतौ रहै। हरिस्मरणसूं अपने लिये परमा-नंद प्राप्त होय है। अपनेही सुखकौ साधन है यासूं ' स्मरेत ' यह आत्मनेपद क्रिया कही है (जहाँ क्रियाकौ फल अपने लिये होय तहाँ आत्मनेपद होय है)। तथा 'वागसुपतेर्गुणान् गृणीत' वाणी प्राणपति आपके गुणनकौ कीर्तन करती रहै। श्रीकृष्ण-गुणकीर्तनमेंभी अपने लियेही परमानंद होय है यहाँभी मुख्य तौ स्वार्थही है किन्तु हरिगुणकीर्तन श्रवण करनेसूं अन्य हरिजनभी प्रसन्न होंय हैं और भगवानहू अपने गुण श्रवण करनेसे प्रसन्न होंय है, यह यामें विशेष गुण है। यासे यहाँभी ' गृणीत ' यह आत्मनेपदी क्रिया कही। और कहै है कि ' कर्म करोतु कायः ' काया, आपके नामगुणयश, श्रवण कीर्तन अर्चन वंदन सेवादि कर्म करती रहै। सेवा ऐसी होंनी चहियै, जैसैं प्रभूनकूं सुख मिलै, सेवामें स्वार्थ, (मोक्षपर्यंत अपने सुखकी इच्छा) किंचिन्मात्रभी नहीं होंनी चाहियै, सेवाकौ फल–सुख स्वामीकूंही होय, यासे यहाँ ' करोतु ' यह परस्मै-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पदी क्रिया कही । और हरिगुणस्मरणश्रवणकीर्तन सेवादिमें, सेवामार्गोपदेशके लिये तथा हरिगुणकथन श्रवण करनेके लिये तथा सेवामें सहायताके लिये, अन्य हरिभक्तनकी आवश्यकता होयहै । यासूं 'स्मरणकीर्तन करवेमें अन्यकी अपेक्षा रहै है यासूं अन्यकी अपेक्षा रहवेसूं स्मरणकीर्तनमें विधिलिङ्कौ प्रयोग कियौ है । यासूं यहां यह कह्यौ कै मेरे मनकूं ऐसी प्रेरणा करौ कै यह मेरौ मन सदैव आपकौ स्मरण कीर्तन करतौ रहै ऐसी आज्ञारूपा प्रेरणाविधिभी सूचित करी । जैसे पूजामें वेद-शास्त्रोक्त विधिकी मुख्यता है ऐसेही सेवामें स्नेहकी मुख्यता है । सेवामें प्रेम हरिके अनुग्रहसे होय है । यासे प्रभु मेरे ऊपर कृपादृष्टि करके मेरेलिये भक्ति दान करैं । याप्रकार प्रार्थना-सूचक 'करोतु' यह आशीर्वादात्मक क्रियापद कह्यौ । और प्राणपति आदि पदनसे देहेन्द्रियप्राणान्तःकरण सबकौ आत्म-निवेदन याप्रकार करनों कह्यौ मनोवाकायभेदसे त्रिविधधर्मकी प्रार्थना करके, अब अगारीके श्लोकमें अर्थकी प्रार्थना करै है ।

'ननाकपृष्ठं' या द्वितीय श्लोकमें पुष्टिमार्गीय अर्थनिरूप कियौ है कि प्रकृतिके 'सत्वरजस्तमः' तीन गुणनकरके लौकिक तथा वैदिक अर्थ तीन प्रकारकौ है । ऐसे छः प्रकारके लौकिक वैदिक ऐश्वर्यनकौ क्रमसे भगवान्के ऐश्वर्यादि षड्गुणनकरकैं, वृत्रनें निरादर कियौ है । क्योंकि सत्वप्रधान स्वर्ग, रजोगुणवती भूमि, तमप्रधान रसातलादि लोकनके ऐश्वर्य लौकिक हैं । और शुद्धसत्वसाध्य मोक्ष तथा रजोगुणसाध्य ब्रह्मलोक, तथा तमोगुणसाध्य योगसिद्धी ये वैदिक ऐश्वर्य हैं । तहाँ लौकिक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ऐश्वर्य, प्रवृत्तिमार्गके धर्मादि त्रिवर्गके साधनसाध्य होनेसूं सामान्य हैं। और वैदिक ऐश्वर्य, निवृत्तिमार्गके धर्मादि चतुर्वर्गके साधननसे सिद्ध होनेसूं उत्तम हैं। किन्तु ये लौकिक वैदिक ऐश्वर्य सुखभोग, संपूर्णतासे कोईमेंभी नहीं हैं। भगवानूके एक २ गुणकौ एक २ में अंशांश बिन्दुमात्र है। और भगवान् सर्वात्मा हैं यासे श्रीहरिमें ऐश्वर्यादि षड्गुण पूर्ण हैं यासे भगवान्ही हमारे सर्वस्व धन है। यासे अन्य सब पदार्थनसूं निरपेक्षता प्रकट करी है। श्लोकः—

ननाकपृष्ठं न च पारमेष्ठ्यं
न सार्वभौमं न रसाधिपत्यं।
न योगसिद्धीरपुनर्भवं वा
समंजस त्वां विरहय्यकांक्षे ॥ २ ॥

प्रथम वृत्र लौकिक सात्विक अर्थकौ निषेध करै है कि 'ननाकपृष्ठं' नाक जो स्वर्ग ताकौ पृष्ठ राज्यासन जो इन्द्रासन है। 'तन्न कांक्षे' ताकी इच्छा में नहीं करूं हूं। क्योंकि यह स्वर्ग संपत्ति तौ कालान्तरमें नाश है जायगी। जब आपमेंही अखंड ऐश्वर्य विद्यमान है यासूं आपकी प्राप्तिमें मैं स्वर्गसंपदाकी इच्छा नहीं करूं हूं। अब वैदिक राजस पदार्थकौ निषेध करै है कि 'न च पारमेष्ठ्यं' परमेष्ठी जो ब्रह्मा ताके रजोगुणावतार होयवेसूं ब्रह्मलोकभी रजोगुणप्रधान है। तहाँभी 'विरिंच्य तामेति ततः परं हि मां' या वाक्यके अनुसार वर्णाश्रमधर्मनकूं यथार्थ रीतिसूं करते २ सौ जन्म व्यतीत है

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जाय, तब ब्रह्मलोक–सत्यलोककी प्राप्ति होय है। और पीछे 'ब्रह्मणा सह मुच्यते' या वाक्यके अनुसार ता जीवकौ ब्रह्माके साथही मोक्ष होय है। यासे ऐसी पराधीनतामें वीर्यहानि है। आपमें अखंडवीर्य (पराक्रम) के रहते 'तदपि न कांक्षे' में ब्रह्मपदकी इच्छा नहीं करूं हूं। अब लौकिक राजस अर्थकौ निषेध करै है कि 'न सार्वभौमं' में भूमिकौ सम्राट् होनेकीभी इच्छा नही करूं हूं। सर्व भूम्याधिपति होनेसूं सब लोकनमें यश तौ होय है किंतु यह यशभी यज्ञदानादि सत्कर्मसे होय है। और यज्ञदानादि सत्कर्म धनसूं होंय हैं। राजस धनमें रागद्वेषादि अनेक उपाधि हैं। यासे यशभी उपाधियुक्त है। और न्यूनाधिक भावयुक्त है और अवधिवारौ है तथा "न यद्वचश्चित्रपदं हरेर्यशो जगत्पवित्रं प्रगृणीत कर्हिचित्। तद्वायसं तीर्थमुशंति मानसा न यत्र हंसा नि रमंत्युशिक्षयाः।" यामें जगत्के पवित्र करनेवारौ, हरियशगान नहीं होय, ऐसौ विचित्र पदनसे युक्तभी वाक्यप्रबंध कोई कामकौ नही है, क्योंकि हरिपदयुगलमें हैं मन जिनके, हरिपदकमलही हैं रमणीयस्थान जिनके, ऐसे हरिचरणाब्जरूपा मानससरोवरके वासी परमहंस, तामें कभी रमण नही करैं हैं। सत्पुरुष तौ ऐसे काव्यकूं, काकतीर्थ (कागानके मन प्रसन्न करनेवारौ, थूक श्लेष्माकौ गढ़ा) ही कहैं हैं। यासे या यशकौ स्वरूपभी दुष्ट है। और 'राज्यान्ते नरकं ध्रुवम्' जो यज्ञदानादि सत्कर्म नही करै तब मरें पश्चात् नरक होयं है यह निश्चय है। यासे परिणाममें फलभी दुष्ट है। आपमें निर्मल अखंड यशके होनेसूं मैं सार्वभौम होयवेकी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इच्छा नही करूं हूँ । अब लौकिक तामस अर्थकौ निषेध करै है कि 'न रसाधिपत्यं' यहां रसातल पदसे नीचेके सब लोकनकौ ग्रहण है । नीचेके लोकनमें, भूमिभोगनसे अधिक वैभव भोग हैं । ये सुखभोग लक्ष्मीसे होंय हैं । वह लक्ष्मी आपने बलिराजासे लैकरकें इंद्रकूं देदीनी यासे परस्परमें विरोध बढायवेवारी लक्ष्मी तामसी है । चंचला है, और आपके वक्षःस्थलवासिनी, चरणकमलकी दासी, सदा सहचरी, लक्ष्मी अनपायिनी है । यासूं रसातलाधिपत्यकीभी इच्छा नही करूं हूँ । अब वैदिक तामस अर्थकौ निषेध करै है कि 'न योगसिद्धीः' में योगसिद्धीनकीहू इच्छा नहीं करूं हूं । क्योंकि आपसूं बहिर्मुख कच्चे योगी, अपने योगबलसूं इच्छानुसार अनेक विषयनकी रचना करकैं भोग भोगैं हैं । यासे भोगभ्रष्ट है जाय हैं । आपके स्वरूपके न जाननेसूंही उनकौ भ्रांतज्ञान है । आपमें नित्य अखंड ज्ञानके होते में योगसिद्धीनकी इच्छा नही करूं हूं । अब वैदिक सात्विक अर्थकौ निषेध करै है कि 'अपुनर्भवं वा' 'वा' यह अनादरमें है सो कहै है 'हे समंजस' हे पूर्णपुरुषार्थस्वरूप ! मैं मोक्षकीभी इच्छा नही करूं हूं । क्योंकि 'सत्वात्संजायते ज्ञानं' 'ऋतेज्ञानान्नमुक्तिः' इन वाक्यनसूं सत्वगुणकी अधिकतासूं ज्ञान होय है और ज्ञानसूं मोक्ष होय है । यासूं ज्ञानसाध्य मोक्षभी सगुण पदार्थ है । शुद्धसत्वस्वरूप, अक्षरब्रह्म, आपके धाममें सायुज्य [दुग्धमें पानीकी भांति मिलजानों, यह सायुज्यमोक्षभी सगुण है 'स एको ब्रह्मण आनंदः' या श्रुतिके अनुसार, अक्षरब्रह्मके गणितानंद होयवेसूं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आपके एकानंदांशकीही प्राप्ति है। और पूर्णपुरुषोत्तम आपके सायुज्य [साथ] में ' सोऽश्नुते सर्वान्कामान्सह ब्रह्मणा ' या श्रुतिके अनुसार, सर्वेन्द्रियभोगरूप पूर्णानंदकी प्राप्ति होय है। और मोक्षमें द्वैतभावके न रहवेसूं, परस्परमें कोईकी कोईकूं अपेक्षाही नहो रहै है। या जतायवेके लियेही ' अपुनर्भव ' पद कह्यौ है। क्योंकि पुनर्जन्मके न होनेके अतिरिक्त, मोक्षमें विशेष आनंद नही है। और आप तौ पूर्णानंद हौ, आपके साथ भक्तनकूं पूर्णानंदकी प्राप्ति होय है। और आपकैं भक्तनकी सदा आवश्यकताभी रहै है। क्योंकि ' साधवो हृदयं मह्यं साधूनां हृदयं त्वहम् । मदन्यत्ते न जानंति नाहं तेभ्यो मनागपि ' साधु मेरे हृदय हैं अर्थात् मेरे हृदयकी वार्ता साधुही जाने हैं। साधूनकौ हृदयमें हूं उनके हृदयकी वार्तामें जानूं हूं। मेरे भक्त मोसूं अधिक औरकूँ नहीं जाने है। और भक्तनके अतिरिक्त मोकूं कुछभी प्रिय नही लगै है। ऐसे आपकेही वचन है। यासे भक्तातिरिक्त अन्यमें अनुराग न होनेसे आपमें पूर्ण वैराग्यके होते, में मोक्षकीभी इच्छा नही करूं हूं। यद्यपि मर्यादामार्गमें मोक्ष चतुर्थ पुरुषार्थ उत्तम मान्यौ है। तथापि भक्तिमार्गमें मोक्षभी त्याज्य मानकरकैं द्वितीयपुरुषार्थ धनरूपमें मोक्षकी गिनती करी है या जतायवेके लियेही, अनादरसूचक ' वा ' यह अव्ययपद कह्यौ है। या भक्तिमार्गमें जब मोक्षकौही अनादर है, तब अन्य स्वर्गादि पदार्थनके अनादरकौ तौ कहनौंही कहा है। यदि आप यह कहौ कि जब तू सब पदार्थनकी नाही करै है तब तेरें कौंनसे पदार्थकी इच्छा है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तहां कहै है । हे समंजस, हे परिपूर्ण सर्वार्थस्वरूप, 'त्वा विरहय्य' में आपकूं त्यागकरके आपसूं वियोगकरके, पूर्वोक्त कोई पदार्थकी इच्छा नही करूं हूँ । अर्थात् आपके परिपूर्ण सर्वार्थस्वरूप होयवेसूं में धनरूपसूं आपकीही इच्छा करूं हूँ । मेरे तो सर्वस्व धन आपही हौ ॥ २ ॥

या प्रकार अर्थकी प्रार्थना करके कामकी प्रार्थना करै है 'अजातपक्षा इति' या तृतीय श्लोकमें यह कह्यौ है कि, पुष्टि-मार्गीय जीवनके मनमें सदा श्रीपतिस्वरूप सौंदर्यदर्शनकी इच्छा रही आवै, यही काम, निरूपण कियौ है । या दर्शनमें तीन दृष्टान्त कहे हैं । तहां दो दृष्टांत लौकिकरीतिसे कहे हैं । और एक तृतीय दृष्टांत लौकिकरीतिसे कह्यौभी, भक्तिरस शास्त्रोक्त रीतिसे कह्यौ है यह उत्तम है । क्योंकि यह तृतीय दृष्टांत उपाधिरहित, अन्याश्रयरहित है और एक शृंगाररसरूप अपने प्रियकीही कामनामें हैं । यह तीन गुणनमें अधिक होयवेसूं अलौकिक प्रभुस्वरूपमेंही घटै है । अन्यथा जब एक दृष्टांतसूंही अर्थसिद्ध है । तब तीन दृष्टांत देनेकौ कहा प्रयोजन हो । यासूं क्षुधाउपाधिसे जो कामना है वह लौकिक काम है । और वेद-शास्त्रोक्त रसरीति (पतिव्रतधर्म) सूं जो कामना है वह अलौ-किक एक प्रभुस्वरुपसंबंधी काम है । प्रभुके शृंगाररसस्वरूप होयवेसूं वृत्रकी एक प्रभुस्वरूपदर्शनकी कामना है । और आपभी इकलौही है । यासे अन्तमें प्रियाप्रियमें प्रथमा, द्वितीया विभ-क्तिके एकवचनसे कह्यौ तीसरौही दृष्टांत उत्तम रीतिसूं प्रभुमें ही घटै है ॥ श्लोकः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अजातपक्षा इव मातरं खगाः
स्तन्यं यथा वत्सतराः क्षुधार्ताः ।
पियं प्रियेवाऽव्युषितं विषण्णा
मनोऽरविन्दाक्ष दिदृक्षते त्वाम् ॥ ३ ॥

हे अरविन्दाक्ष ! 'मनस्त्वां दिदृक्षते,' हे कमललोचन, मन आपकेही दर्शनकी इच्छा करै है। यहाँ भगवान्के नेत्रनके अरविन्दभावसूं, और मनमें भगवद्दर्शनकी इच्छासे मनकूं मधुप सूचित कियौ। जैसे कमलके विकसित होयवेसूं, मधुपकी मधु-पानकामना सिद्ध होय है, अन्यथा कामना सिद्ध नही होय है। यासे मेरे ऊपर ऐसी कृपादृष्टि संपादन करौ यासूं मोकूं आपके स्वरूपसौंदर्यरसकी प्राप्ति होय, यह प्रार्थना है। और यहाँ नेत्रनकौ वाचक चक्षुआदि अन्यपदनकूं नही कहकरके, सर्वे-न्द्रियवाचक, अक्षपद कह्यौ है। यासूं भगवत्स्वरूपमें सर्वेन्द्रिय भोग्य सौन्दर्य और श्रीमुख की प्रसन्नताभी सूचित करी। या-प्रकार दर्शनेच्छाकौ कारण जो भगवत्स्वरूपसौन्दर्य है वह हे अर-विन्दाक्ष, या संबोधनपदसे ध्वनित होय है। और मनभी भगव-त्स्वरूपमें आसक्त है, भगवदाधीन है। यासे 'मेरौ मन' ऐसे नही कह्यौ, केवल मनही कह्यौ, और दर्शन करनों नेत्रनकौ धर्म है किंतु यहाँ दर्शन करनों मनकौ धर्म कह्यौ। यह यासे कह्यौ कि, मन सर्व इंद्रियनकौ सहायक है। यासे सर्वेन्द्रियकामना पूर्ण करनों सूचित कियौ। अन्यथा मनके विना भजनानंदकौ पूर्ण अनुभव नही होयगौ। क्योंकि मनही सब इंद्रियनके

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विषयनकौ ज्ञाता है। यासूं मन जैसे २ भावसूं आपके दर्शनकी इच्छा करै, वह संपूर्ण मनके मनोरथ, दर्शन देकर पूरण करौ। यह भाव है। और प्रभु अंतर्यामी हैं, पूर्णकाम हैं यासे अपने मनकी कामना अवश्य सिद्ध होयगी, याके लिये 'दिदृक्षते' यह आत्मनेपदी क्रिया कही। और मनकौ जो मधुपभाव कह्यौ है, वह मनकी चंचलतासेही कह्यौ है। क्योंकि मधुपकी कामना पुष्पके मधुपानपर्यंतही होय है, एक पुष्पमेंसूं रसपान करे पश्चात् ता पुष्पकूं त्याग करके, अन्य पुष्पकी इच्छा करै है। यासे यह मन मधुपकी भांति ऐसौ चंचलभी नही है। यह तौ केवल आपकेही स्वरूपसौन्दर्यकौ दर्शनाभिलाषी है। यासूं मनकी दृढताके लियेही तीन दृष्टान्त कहे है सो कहे हैं कै "अजातपक्षाः क्षुधार्ताः खगामातरमिव" पंख जिनके उपजे नही, क्षुधासे पीडित, ऐसे छोटे २ पक्षीके बालक जैसे मैयाके दर्शनकी इच्छा करै है कि हमारी मैया कब आवेगी, हमकूं लायकर कहा चुगावैगी, ऐसे यह मन आपके दर्शनकी इच्छा करै है। किन्तु या दृष्टांतमें तीन दोष हैं। एक तौ पक्षीके बालकनकौ कोई निश्चित आहार नही है। चहिये जा पदार्थसे भूख दूर कर सकें हैं। यासे यहां आहारकौ नाम नही लियौ, केवल मैयाकौही दर्शन कह्यौ। यह अनियत विषयदोष है। दूसरैं विना पंखके बच्चा हैं, पक्ष उपजेपीछे आपही चुगि आमेंगे, मातृदर्शनेच्छा नहीं रहैगी। सदा दर्शनेच्छा कौन रहनों अनिश्चित समयदोष है। तथा क्षुधाकी पीडासेही मातृदर्शनेच्छा है, क्षुधा निवृत्त भये पश्चात् मातृदर्शनेच्छा न रहैगी, यह क्षुधो-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पाधिकृत दोष है। या प्रकार दोषत्रयकी संभावना करके, द्वितीय दृष्टान्त कहै है कि ' स्तन्यं यथा वत्सतराक्षुधार्ताः ' तृणादिकूं नही खाय जानें ऐसे अत्यंत अबोध, गौके छोटे २ वछरा, भूखसे व्याकुल भये जैसे दूधकी इच्छा करैं कि हम दुग्ध कब पीमें, ऐसे मन आपके दर्शनकी इच्छा करै है। उनके एक दुग्धकीही कामना है। अन्य वस्तुकी नही है। अन्य गौके वछरा और गौकोभी दुग्ध पी सकैं हैं। और अन्य गौको दुग्ध पीनों देखनेमेंभी आवै है। यासे यहाँ माता नही कही, क्योंकि मैयाके अभावमें और गौकूंभी मैया मानकर भूखमें दुग्ध पीसकें हैं। अति छोटे २ वत्सानकौ एक दूधही आहार है। यासूं नियत विषय है। तथापि अति अबोध होनेसे भूखमेंही दूधकी इच्छा है। सदा नही रहैगी। तृणादिसेभी क्षुधा भेट लेयंगे। यासे अनिश्चितसमयदोष, और क्षुधोपाधिकृत दोष, दो दोष यामेंभी हैं। या दोषद्वयकी संभावनासूं तृतीय दृष्टान्त कहै है कि ' प्रियंप्रियेवाऽव्युषितं विषण्णा ' जैसे परदेश गये अपने प्राणप्रिय पतिके वियोगसे दुःखिनी, पतिप्रिया स्त्री, अपने प्रियपतिके दर्शनकी अभिलाषा करै ऐसे मन आपके दर्शनकी इच्छा करै है। यहाँ प्रियाप्रिय दोनोंमें प्रियपद है, यासूं परस्परमें उपाधिरहित प्रेम है। यासूं उपाधिदोष नहीं है। ' अव्युषितं ' ' परदेश गये ' या पदसे, प्रियपतिके परदेशगमनक्षणसे आदि लेकर गृहागमनपर्यंत पतिदर्शनाभिलाषा एकरसरूपसूं सूचित करकें, अनियतसमदोष दूर कियौ, और ' विषण्णा ' दुःखिनी या पदसे, एक प्रिय-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पतिके स्वरूपदर्शन, अंगसंगादिकी इच्छा है। सर्वेंद्रियकौ विषय एक प्राणपतिही है। अन्यथा दुःखही क्यों होतौ, या प्रियवियोगसेही दुःखिनी है। यासे अनिश्चित विषयदोष दूर कियौ। या प्रकार दोषत्रयके अभावसे यही दृष्टांत अपनेमें और प्रभुनमें घटै है। या आशयसेही प्रिया और प्रिय पदमें एकवचन कह्यौ है। क्योंकि आप इकलेकी एक प्रभूनके दर्शनकीही इच्छा है। और बहुत पुरुषनमें एक स्त्रीकौ तथा बहुत स्त्रीनमें एक पुरुषकौ स्वार्थविना प्रेम नही होय है। जहाँ स्वार्थ है तहाँ प्रेम कहाँ, निःस्वार्थ, ' उपाधिरहितही प्रेम, प्रेम है। यासूंही प्रियाप्रियकौ दृष्टांत अन्तमें कह्यौ है। यद्यपि पहले दो दृष्टांतनकौ कथनभी प्रेमपूर्वक दर्शनाभिलाषामेंही है, तथापि या तृतीय दृष्टान्तमें निरुपाधि शुद्ध प्रेम कह्यौ है। और अनन्यमना, पतिव्रता स्त्री, पतिवियोगमें केवल विषादमात्रही नही करै है किन्तु अपने प्रियपतिमें, अनेक रतिविषयक मनोरथनकूंभी अपने अंतःकरणमें करै है। अन्यथा प्रियाकौ जीवितही नही रहसकै है। रतिविषयक रसभावके विना, प्रियाके जीवित रहवेमें, प्रियत्वही विरस है। यह रतिविषयक मनोरथही जीवनके कारण हैं। और वृत्रकौ शरीर यासमय पुरुष है। यासे पुरुषकूं अपनेमें प्रियाकौ दृष्टांत दैनों, स्त्रीभावके विना नही घट सकै है। यासे या प्रियाके दृष्टांतसे, स्त्रीसंबंधी रसभाव कह्यौ है। किंतु रसवार्ता गोपनीय होय है। गुप्त रीतिसेही कही जाँय है। यासे स्त्रीरस या ' प्रियापदसे सूचित कियौ है। और याहीसे 'विषण्णा' दुःखिनी, ऐसौ विशेषण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दियौ है। क्योंकि केशनकी लट बंध जायवेसूं शरीरकी कृषतासं, शरीरके पीतरंग पडनेसूं दुःख तौ प्रकट है। बाहिरो दुःखकूं तौ अन्यजनभी जान सकै हैं किन्तु यहाँ जो दुःखिनी पद कह्यौ है, यह अपने अन्तःकरणके भावकूं प्रकट करनेके लियेही कह्यौ है। अर्थात् अनेक रतिरसभावयुक्त, यह दुःखित मन आपके दर्शनकी इच्छा करै है। केवल दर्शनमात्रहीकी इच्छा नही है। क्योंकि दर्शनेच्छा तौ पहले धनरूपसेही प्रकट कर-चुक्यौ है। यासूं पुनः दर्शनेच्छाकौ कथन रसविशेष लाभके विना नही है। यहां रसदानसहित दर्शनकी प्रार्थना है। यामें एक औरभी अभिप्राय है कि 'अहं' 'मम' में, मेरौ, ऐसे अस्मत् शब्दके प्रयोग देहमें अध्यास होंयवेसूं होंय हैं। और यासमय वृत्रकौ पुरुषदेह है और आसुरी है। यासूं स्त्रीरसानु-भव करवेके योग्य नही है। यासमय तौ वृत्रकौ मन, प्रिया-प्रतिबिंबरूप है, देहमें अध्यास नही है। यासे केवल मनही कह्यौ। में, अथवा मेरौ मन दर्शनकी इच्छा करै है। ऐसे नही कह्यौ। और दृष्टांतमें प्रियादेहाध्यास दृढ हैं यासूं दृष्टांतमें प्रियापदही कह्यौ। प्रियाकौ मन ऐसे नही कह्यौ। यदि वृत्रके मनमें स्त्रीभाव दृढ नही होतो, तब प्रिया जैसे प्रियदर्शनकी इच्छा करै है। ऐसे में आपके दर्शनकी इच्छा करूं हूँ। ऐसे कहनों हो। सो या प्रकार न कहके, मन आपके दर्शनकी इच्छा करै है ऐसें कह्यौ है यासूं वृत्र कौ मन देहाध्यासरहित, अनेक रसभावयुक्त स्वयंप्रियारूप हो। रह्यौ हैं। यासे याकौ यह भाव है कि, 'रसके भाव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कै पुष्टिरसकामना, पुष्टिरसमर्यादारीतिसूंही पूरण करवे योग्य है, और हे अरविन्दाक्ष; या संबोधनपदसूं कामरसकी प्रार्थना सूचित करी ॥ ३ ॥

ममोत्तमश्लोकजनेषु सख्यं
संसारचक्रे भ्रमतः स्वकर्मभिः ।
त्वन्मायया5ऽत्मात्मजदारगेहे-
ष्वासक्तचित्तस्य न नाथ भूयात् ॥ ४ ॥

या चतुर्थ श्लोकके अर्थमें "पुष्टिमार्गेहरेर्दास्यं धर्मोर्थो हरिरेव हि । कामो हरेर्दिदृक्षैव मोक्षः कृष्णस्य चेद्ध्रुवम् । " यह एक कारिका श्रीमद्वल्लभाचार्यजीनें कही है । या एक कारिकामें संपूर्ण वृत्रचतुःश्लोकीकौ सिद्धान्तार्थ निरूपण कियौ है । याकौ यह अर्थ है कै पुष्टिमार्गमें व्रजाधिपति श्रीकृष्णकी सर्वात्मभावसूं सदा सेवा करनोंही अपनों धर्म है अन्य कोई धर्म कर्तव्य नही है । यही धर्म है । और लौकिक वैदिक सब पदार्थनकूं त्याग करकैं एक श्रीकृष्णकूंही अपनों सर्वस्व धन जानें । यही अर्थ है । और सदा हरिसेवा हरिदर्शनमेंही मनकी अभिलाषा रही आवै, यही पुष्टिमार्गीय काम है । और सदा श्रीकृष्णकौ दास होयकर रहनोंही मोक्ष है, भगवन्माहात्म्य ज्ञानपूर्वक हरिगुणनाम लीलास्वरूपकौ श्रवण कीर्तन स्मरण, हरिभक्तनके संग रहकरके करनों, भगवत्प्रेमावेशमें मग्न रहनोंही मोक्ष है ॥ ४ ॥ श्रीमद्वल्लभाचार्य चरणननें पूर्वके तीन श्लोकनकी व्याख्यामें पुष्टिमार्गीय धर्म, अर्थ, काम,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुरुषार्थत्रयकौ निरूपण कियौ । या चतुर्थश्लोककी व्याख्यामें पुष्टिमार्गीय मोक्षकौ निरूपण है । या श्लोकमें, गौण मुख्य भेदसूं मोक्ष दो प्रकारकौ कह्यौ है। तहां प्रथम या श्लोकके पूर्वार्द्धमें पुष्टिमर्यादामोक्षके अन्वय अर्थकूं कहै है कै 'हे नाथ ! स्वकर्मभिः संसारचक्रे भ्रमतः मम उत्तमश्लोकजनेषु सख्यं भूयात् । आत्माऽऽत्मजदारगेहेषु आसक्तचित्तस्य मम उत्तमश्लोकजनेषु सख्यं न भूयात् ॥ हे नाथ ! अपने अनेक जन्मनके कर्मनके वश या संसारचक्रमें जन्ममरणरूपसूं भ्रमण करवेवारौ जो मैं हूं ताकौ उत्तमश्लोक आपके भक्तनके संग सखाभाव होय, किन्तु संपूर्ण विश्वकूं मोह करायवेवारी आपकी मायाकरकैं अहंता ममताके स्थान जे देह पुत्र स्त्री गेहादिक हैं तिनमें आसक्त है चित्त ज़ाकौ, ऐसौ जो मैं, ताकौ उत्तमश्लोक आपके भक्तनके संग सखाभाव नहीं होय । अर्थात् चित्रकेतुदशामें जैसे भगवदीय श्रीनारद अंगिरा ऋषिके संग सख्य होतेहू मेरौ देहादिकमें संसारासक्तचित्त होयवेतें, मेरौ पुत्रप्राप्तिमें हठ भयौ यासूं अंगिराऋषिनें मोकूं हर्षशोककौ देवेवारौ पुत्रही दियौ । यासूं शोक भयौ, भक्तनके संग सख्य सुफलित नहीं भयौ, यासूं भक्तनके संग सख्य तौ होय किन्तु पूर्वजन्मकी भाँति संसारासक्त चित्तसूं सख्य न होय, यह भाव है । अब श्लोकके उत्तरार्धमें पुष्टि पुष्टिमोक्ष कह्यो है, ताकौ अन्वयार्थ कहै हैं कै 'हे नाथ ! त्वन्मायया आत्माऽऽत्मजदारगेहेषु उत्तमश्लोकजनेषु आसक्तचित्तस्य मम आत्माऽऽत्मजादिषु सख्यं भूयात् ॥ किन्तु स्वकर्मभिः संसारचक्रे भ्रमतो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मम आत्माऽऽत्मजादिषु सख्यं न भूयात्' ॥ हे नाथ ! आपसूं संबंध करायवेवारी, त्वल्लीलोपयोगिनी, भक्तजनमनोमोहिनी माया-करकैं आत्मा देह पुत्र स्त्रीगेह जे भगवल्लीलामें उपयोगी हैं तिनके संग मेरौ सख्यभाव होय; हे नाथ ! आप हौ नाथ जिनके ऐसे देहादिकमें मेरी मैत्री होय, किन्तु अपने कर्मनकरकैं या संसारचक्रमें जन्ममरणरूपसूं भ्रमण करायवेवारी मायाकरकैं मेरी मैत्री देहपुत्रादिकनमें नही होय । अर्थात् केवल मर्यादा-रीतिसूं मेरी ज्ञानमुक्ति नही होय ॥ या श्लोककी श्रीसुबोधिनी व्याख्या सकल साधारण मनुष्यनके समझवेमें नहीं आवै है यासूं या व्याख्याके ऊपर श्रीहरिरायजीकी टिप्पणी है और श्रीपुरुषोत्तमजीकौ प्रकाश है । श्रीवल्लभगोस्वामीजीकी टिप्पणी है । औरहू लेख होयँगे । यासूं इन महानुभावननें हमारे ऊपर कृपा करकैं अस्मदादिकनके समझायवेके लिये, बडौ भारी उपकार कियौ है । इनके हम सदा ऋणी हैं ये हमारे ऊपर कृपादृष्टि करौ । श्रीपुरुषोत्तमजी प्रकाशके प्रारंभमें श्रीमदाचा-र्यचरणनमें नमनात्मक मंगलाचरण करै हैं कै—

' प्रणम्य श्रीमदाचार्यचरणाँस्तत्कृपाबलात् ।
तदीयां पुष्टिमार्गीय मोक्षोक्तिं विवृणोत्ययम् ॥ १ ॥'

[श्रीमद्वल्लभाचार्य चरणकमलनमें नमस्कार करकैं, श्रीमदा-चार्यचरणकमलनकौ आश्रय लैकरकैं उनके कहे भये पुष्टि-मार्गीय मोक्षरूप वचनामृतकौ यह श्रीपुरुषोत्तम गोस्वामिजी प्रकाश करैं हैं ॥ श्रीमद्वल्लभाचार्यचरणननें ' पुष्टिप्रवाहमर्या-दाग्रन्थमें पुष्टिमार्गकौ निरूपण कियौ है । यासूं ता पुष्टिमार्गमें

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चतुर्विध पुरुषार्थहू अवश्य कहनों चहियै, यासूं श्रीमद्भागवतके षष्ठ स्कंधमें, परिकरसहित पुष्टिकौ स्वरूप वर्णन कियौ है यासूं षष्ठ स्कन्धके वाक्यनसूंही पुष्टिमार्गीय चतुर्विध पुरुषार्थकौहू निरूपण करनों चहियै। तहां पूर्वके तीन श्लोकनमें धर्म अर्थ काम इन तीन पुरुषार्थनकौ वर्णन कियौ। या चतुर्थश्लोकमें पुष्टिमार्गीय मोक्षकौ स्वरूप स्पष्ट रीतिसूं समझवेमें नही आवै है॥ यासूं श्रीमदाचार्य प्रतिज्ञा करै है कै पुष्टिमार्गीय मोक्षनिरूपण करै हैं। तहां पुष्टिकौ यह लक्षण है कै 'पोषणं तदनुग्रहः' भगवदनुग्रहकौ नाम पुष्टि है। जा जीवके ऊपर भगवत्कृपा होय है। ता जीवके हृदयमें भगवद्धर्मके आयवेते प्रभु अपने भक्तकूं स्वस्वरूपानंददान देय हैं। यासूं स्वरूपानन्दरूपफलसिद्धिकौ साधक जो भक्तिमार्ग है सोही पुष्टिमार्ग है। अब मोक्षके स्वरूपकूं कहै हैं कै 'मुक्तिर्हित्वाऽन्यथारूपं स्वरूपेण व्यवस्थितिः' देहादिमें जो अहंताममतारूप जो विपरीत आत्माध्यास है ता अन्यथाऽध्यासकूं त्यागकरकैं आत्मस्वरूप श्रीकृष्णमें चित्तकी जो स्थिति है सो मोक्ष है। क्योंजी 'प्रसंगमजरं पाशमात्मनः कवयोविदुः' 'स्नेहपाशैर्निबध्नाति भवान्सर्वमिदं जगत्' या देहगेहादिमें जीवात्माकी जो दृढासक्ति है, यह देहादिमें दृढासक्तिही जीवात्माकौ दृढ पाशबंधन है। इन स्नेहरूपा दृढ फासीनसूंही आप संपूर्ण जगत्कूं बाँधौ हौ॥ इत्यादि वाक्यनकरकैं जीवात्माकूं स्नेहरूप बंधन स्पष्ट दीखै है। या स्नेहबंधनकौ जो अभाव है सो मोक्ष है। यह मोक्ष सब मार्गनमें तुल्यही कह्यौ है। तब मोक्षके प्रसंगमें

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विशेष कहवेके लिये परिश्रम करनों व्यर्थ है । ऐसी शंकामें कहै हैं कै पुष्टिमार्गीय मोक्षकी अन्यमार्गीय मोक्षसूं विलक्षणता जतायवेके लिये, पुष्टिमार्गीय मोक्षके प्रतियोगी (विरुद्ध लक्षण-वारे) मर्यादामार्गीय मोक्षके स्वरूपकूंहू अवश्य कहनों चाहियें । यासूं कहै हैं कै, ' सत्वं रजस्तम इति गुणाः प्रकृतिसंभवाः । निबध्नंति महाबाहो देहे देहिनमव्ययम् ॥ '' तत्र सत्वं निर्मल-त्वात्प्रकाशकमनामयम् ॥ ' हे महाभुज अर्जुन ! ये प्रकृति मायासूं उत्पन्न भये सत्व रज तम तीन गुण देहादिमें अहंम-माभिमान उत्पन्न करकैं अविनाशी देहधारी जीवात्माकूं बंध-नमें पटकैं हैं । तहां सत्वगुण तौ निर्मल है, ज्ञानप्रकाशक है यासूं नीरोग है तथापि सुखके संबंधसूं ज्ञानाभिमानसूं जीवकूं बंधनमें पटकै है । और तमोगुण देहादिमें अज्ञानकृत आत्मा-भिमानसूं जीवकूं बंधनमें पटकै है । और रजोगुण विषयानु-रागतृष्णासूं जीवकूं बंधनमें बांधै है; इत्यादि गीताके वाक्यनसूं ये त्रिगुणही बंधनके कारण हैं । यासूं त्रिगुणकृत देहगेह सगेसंबंधीनमें जो त्रिगुणकृत अहंताममतारूप बंधनकौ वास-नासहित जो अभाव है या बंधनकौ जो त्याग है सो मोक्ष है । किन्तु पुष्टिमार्गीय मोक्ष तौ यासूं विपरीत है, विलक्षण है । स्वरूपते, साधनते, फलते, सब प्रकारते विपरीत है । पुष्टिमार्गमें तौ प्रभु निःसाधन जननकूंही अंगीकार करै हैं, पुष्टिमार्गीय मोक्षकौ यह स्वरूप है । प्रभुसेवा घरमेंही बनसकै है यासूं गृहास्थितिपूर्वकही भगवद्भजनानंदानुभव करनोंही यह सहज साधन है । और साक्षात्प्रभुखस्वरूपके संग भजनानंदा-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नुभव करनों, यह फल है। या प्रकार मर्यादामार्गीय मोक्षसूं पुष्टिमार्गीय मोक्ष विरुद्ध लक्षणवारौ है। सोही कहै हैं कै देह-गेहात्मजादिमें लीलोपयोगी मायाकृत चित्तासक्ति और भगवदीयनकौ प्रकृष्ट संग हौनों ही यह मोक्ष है। और देहगेहादिमें भगवदीयभावसूं चित्तकी आसक्तिकौ और भक्तनके संगकौ जो अभाव है सो बंधन है। या बंधनकौ स्वरूप तृतीय स्कंधके नवमाध्यायमें ब्रह्मस्तुतिमें कह्यौ है कै 'अह्न्याप्तृतार्तकरणा-निशि निःशयाना नानामनोरथधिया क्षणभग्ननिद्राः। दैवाहतार्थरचना ऋषयोऽपि देव युष्मत्प्रसादविमुखा इह संसरन्ति॥' हे देव! आपके प्रसादसूं विमुख जे ब्रह्मज्ञानी ऋषि हैं तेहू या संसारमेंही आवागमनकूं प्राप्त होय है, क्योंकै दिवसमें तौ मोक्षसाधन व्यापारमें लगे रहै हैं यासूं इन्द्रियनकूं दुःख देय हैं और रात्रिमें अनेक प्रकारके मनोरथनकूं बुद्धिमें करकें शयन करै हैं यासूं स्वप्नके देखवेते क्षण २ में जिनकी निद्रा भग्न होय है यासूं निद्रासुखहू नही मिलै है। दैव नाम प्रारब्धकर्मनके वश स्वप्नमें रचना किये जे सुखसंपत्ति तिनकौहू नाश है जाय है। यासूं भगवत्प्रसादविमुख ब्रह्मज्ञानी ऋषिहू या संसारमेंही भ्रमण करैं हैं। याकौ भावार्थ श्रीमदाचार्यननें श्रीसुबोधिनीमें ऐसौ कह्यौ है कै 'जे जीव पूर्वजन्ममें ब्रह्मभावकौ चिंतमन करै हैं तिनकूं प्रभु स्ववेदोक्त मार्गके साधन करवेते प्रसन्न होय करकें प्रभु सत्यादि लोकनमें अथवा याही लोकमें किंचित्प्रसाद देय हैं। तब वह अपने मनमें यह विचारै है कै यह प्रसाद हमकूं इच्छित नहीं है। या प्रकार भगवत्प्रसादसूं विमुख भये,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ब्रह्मात्मभाव चिंतन करते २ ही देहावसानकूं प्राप्त होंय हैं। या श्लोकोक्त रीतिसूं ऋषिजनभी या लोकमेंही आवागमन करे हैं। अपने जीवन्मुक्ताभिमानसूं भगवद्दत्तप्रसादके न ग्रहण करवेते ऐसौ भाव ऐसे ऋषीनकौ होय है ॥

यही प्रसंग श्रीमद्भागवतके द्वितीय स्कंधके द्वितीयाध्यायमें हू कह्यौ है कै 'एते सृतीते नृपवेदगीते त्वयाऽभिपृष्टेह सनातने च। ये वै पुरा ब्रह्मण आह पृष्ट आराधितो भगवान् वासुदेवः॥' 'नह्यतोऽन्यः शिवः पन्था विशतः संसृताविह। वासुदेवे भगवति भक्तियोगो यतो भवेत्'॥ हे नृप! तैनें जो यह प्रश्न कियौ हो कै मरणासन्न जीवकूं कहा कर्तव्य है, सो ये सद्योमुक्तिमार्ग और क्रममुक्तिमार्ग, ये दोनों वेदोक्त सनातनमार्ग, मैंनें तोसूं कहे हैं, पहले ये दोनों मार्ग, ब्रह्माने आराधना किये भगवान् वासुदेवनें ब्रह्माके प्रति कहे हैं सो मैंनें तोसूं कहे। यद्यपि या संसारसूं मुक्त करवेवारे तपोज्ञानयोगोपासनादि बहुतसे मोक्षमार्ग हैं, किन्तु या संसारमें प्रविष्ट भये पुरुषकूं या भक्तिमार्गसूं अन्य कोई मार्ग, दुःखरहित सुखकौ दैवेवारौ नही है, यासूं जा प्रकारसूं भगवान् वासुदेवमें भक्तियोग होय, वुही मार्ग समीचीन है। अन्य सब मार्ग तौ अर्चिरादि लोकनमेंही आवागमनके करायवेवारे हैं। यासूं सद्योमुक्ति तौ दूर रही, भगवद्भक्तिके विना क्रममुक्तिकौ मिलनोंहू दुर्लभ है। यासूं हरिभक्तिके विना अन्य कोई मार्गसूं मुक्ति होयही नहीं है, यह निश्चय सिद्धान्त है॥ क्योंजी एकही पुष्टिमार्गमें साधनहू समान होयवेते कोई

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दूसरौ प्रकारतौ हैही नही, तब मोक्ष दो प्रकारका कैसें हैं। तहां कहै हैं कै पुष्टिमार्गमें अवान्तर भेद होयवेते मोक्षमें भेद है। क्योंजी कौन कारणसूं मार्गभेद है, और कैसें मोक्ष-भेद है। तहां कहै है कै मोक्ष दो प्रकारकौ है। एक पुष्टिम-र्यादारीतिसूं मोक्ष है। दूसरौ पुष्टिपुष्टिमोक्ष है। तहां वेदोक्त कर्म, तथा ज्ञान और भक्ति ये तीनों वेदोक्त मर्यादा हैं। यह प्रसंग 'पुष्टिप्रवाह मर्यादा' ग्रन्थमें स्पष्ट निरूपण कियौ है। तिन कर्मज्ञानभक्तिमेंसूं यहां मोक्षके प्रकरणमें विहित ज्ञान और भक्ति इन दोऊनकूं ग्रहण करकैं तथा योगोपासनादि कर्मसूं तीनोंकूं ग्रहण करकैं इन वेदोक्त मर्यादानमेंसूं एक भक्तिसूं वा विहितज्ञानभक्ति दोनोंसूं अथवा विहितज्ञान भक्ति योगोपास-नादि कर्म तीनोंसूं युक्त जो भगवदनुग्रह है सो पुष्टिमर्यादा है। और या पुष्टिमर्यादासूं प्राप्त जो मोक्ष है सो पुष्टि-मर्यादा मार्गीय मोक्ष है और केवल भगवदनुग्रहसूं युक्त जो भगवदनुग्रहान्तर है, जा भगवत् अनुग्रहा-न्तरसूं सपरिकर लीलास्वरूपकौ ज्ञान है जाय, भगवान्के हृदयके संपूर्ण भावनकौ ज्ञान है जाय, ऐसे अनुग्रहान्तरसूं मिल्यौ भयौ जो भगवदनुग्रह है सो पुष्टि पुष्टि है या पुष्टिपुष्टिसूं प्राप्त जो आनंद है सो पुष्टिपुष्टि मोक्ष है। अब मोक्षके रूपभेदकूं कहै हैं कै पुष्टिमर्यादा मोक्षमें भगवान्कौ परोक्षमें अनुभव होय है। और पुष्टिपुष्टि मोक्षमें भगवान्कौ प्रत्यक्षमें अनुभव होय है। या भगवत्परोक्ष और प्रत्यक्षके भेदकरकैं भक्तनके स्वरूपकी जैसी अवस्था होय है यासूंही मोक्षके स्वरूपमें भेद

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है। यह मोक्षकौ भेद श्रीवल्लभगोस्वामीजीनें औरहू स्पष्ट रीतिसूं कह्यौ है कै 'पुष्टिमर्यादामार्गस्थित भगवद्भक्त, हरिचरित्रनकूं परस्परमें गान करकैं अपनें हृदयान्तरमें प्रविष्ट भये भगवत्स्वरूपके संग रमण करकैं अपनी पूर्ण कृतार्थता मानें हैं। श्रीनारद श्रीशुकसनकादिसदृश ऐसे भक्त गुणातीत आत्माराम कहे जाँय हैं। और पुष्टिपुष्टिमार्गीय भक्त तौ प्रत्यक्षमें बहिःस्थित भगवत्स्वरूपके संग सर्वेन्द्रियास्वाद्य सर्वकामोपभोगरूपसूं रमण करै हैं। या प्रकार भक्तनकी व्यवस्थासूं दो प्रकारकौ मोक्ष है। या प्रकार श्लोकार्थकौ संग्रह करकैं पुष्टिमर्यादामोक्षकौ गौणभाव स्पष्ट जतायवेके लिये, श्लोकके पूर्वार्द्धमें स्थितपदनकी व्याख्या करै हैं कै जैसें पूर्वके तीनों श्लोकनमें संबोधनपद कहे हैं, ऐसैं या श्लोकमेंहू संबोधनपदकी संभावना है। जैसे प्रथमके श्लोकमें 'हे हरे। दूसरेमें हे समंजस!' तीसरेमें 'हे अरविन्दाक्ष!' संबोधनपद कहे हैं, इन संबोधननके कहवेसूं भगवान् वृत्रके सन्मुखमें प्रत्यक्ष प्रतीत होंय हैं। क्यौंकै सन्मुख स्थितकूंही संबोधन दैकरके बोल्यौ जाय है। यासूं या श्लोकमेंभी 'हे उत्तमश्लोक। ऐसैं संबोधन पदकी संभावना होय है। तहां कहै हैं कै यदि हे उत्तमश्लोक! या संबोधनपदकूं न्यारौ करकैं अर्थ कियौ जाय, तब तौ, 'हे उत्तमश्लोक! अपने कर्मनके वश संसारचक्रमें भ्रमण करवेवारौ जो मैं ताकौ जननमरणधर्मी जीवनके संग सखाभाव न होय। ऐसैं जननादि धर्मवारे जीवनके संग सख्यके अभावकी प्रार्थनारूप श्लोककौ अर्थ भयौ। किन्तु अपुनर्भव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मोक्षपर्यंतकी इच्छा न राखवेवारे वृत्रकूं तौ एक भगवद्दर्शन-कीही मनमें इच्छा है। अन्य पदार्थकौ तौ वृत्रके मनमेंहू संग नही है, तब वृत्रकैं प्रतिबंधकौ अभाव तौ पहलैंही है रह्यौ है। तब जननादि धर्मी जीवनके संग प्रतिबंधरूप सख्यके अभावकी प्रार्थना करनों वृत्रसूं संभव नहीं है। यासूं याप्रकार अर्थ करनों उचित नही है। यासूं 'उत्तमश्लोकजनेषु' ऐसें समासांत एक पदकरकेही अर्थ करनों उचित है। मेरौ उत्तमश्लोक भगवान्के भक्तनमें सख्य होय, यही अर्थ ठीक है। कोई यहां यह शंका करै कै संबोधनके विना अर्थ करवेमें भगवान् वृत्रके संमुख प्रतीत नही होंय है यासूं हे उत्तमश्लोक, ऐसें संबोधन सहितही अर्थ करनों चहियै, तहां कहै हैं कै 'संबोधनके आग्रहसूं वृत्रके प्रत्यक्षमें प्रभुकूं नही बतायवेवारे अप्रत्यक्षवादीके मतमें हूं भगवान् वृत्रकी बुद्धिमें तौ प्रत्यक्षही है। यह बात तौ अवश्य माननीही परैगी, क्योंकै 'अहं समाधाय मनो यथाह संकर्षणस्तच्चरणारविन्दे। त्वद्वज्ररंहोलुलितग्राम्यपाशो गतिं मुनेर्याम्यपविद्धलोकः॥' संकर्षण भगवान्नें जा ज्ञान-भक्तिकौ उपदेश मोकूं दियौ है ता रीतिसूं में अपने मनकूं भगवत्पादारविन्दमें धारण करकै, तेरे वज्रके वेगसूं कटी है आसुरी देहरूपा फाँसी जाकी ऐसौ जो में, या देहकी बलि भेट भूत भैरवादिकनकूं दैकरके या लोककूं त्यागकरकैं मननशील योगेश्वरनकी गति भगवत्पदपद्ममें प्राप्त होऊंगौ। या वाक्यसूं वृत्रकूं अपने पूर्वजन्मके संपूर्ण वृत्तान्तकौ स्मरण है, यासूं वृत्रकूं भगवान्कौ एकान्त भक्त अवश्य माननों चहियै जैसे भीष्म

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पितामहके प्राणत्यागसमयमें प्रभुनें कृपाकरकैं भीष्मकूं दर्शन दियौ, ऐसैंही वृत्रके प्राणत्यागसमयमें प्रभुनें कृपा करकैं वृत्रकूं दर्शन दियौ है। तब वृत्रकूं भगवत्प्रत्यक्षतामें कहा अप्राप्ति रही। यासूंही श्रीमदाचार्यजीनें भगवान्कूं वृत्रके प्रत्यक्षमें कह्यौ है। यद्यपि या समय भगवान् वृत्रके प्रत्यक्ष हैं यासूं वृत्रकूं या समय यह कहनों होकै ‘ममत्वदीयेषु जनेषु सख्यं भूयात्’ मेरौ आपके भक्तनमें सख्य होय, ऐसैं कहनों हो, तथापि ‘मम उत्तमश्लोकजनेषु सख्यं भूयात्’ ऐसैं जो कह्यौ है यह यासूं कह्यौ है कै ‘मोकूं शास्त्रके अर्थस्वरूप जो उत्तमश्लोक भगवान् तिनकी प्राप्ति भक्तनके द्वारा होय। यासूं यहां ‘उत्तमश्लोकजनेषु’ यह समासान्तपद कह्यौ है। सोही कहै हैं कै ‘उद्गतं तमो येषां ते उत्तमास्तैरुत्तमैर्यथार्थशास्त्रविद्भिः श्लोक्यते कीर्त्यते इत्युत्तमश्लोकः’ नित्यप्रति हरिगुणगान करवेते दूर भयौ है हृदयान्धकार जिनकौ ऐसे यथार्थशास्त्र-वेत्ता उत्तम जननकरकैं गायी गई है कीर्ति जाकी, यासूं उत्तम-श्लोक नाम प्रभुकौ है। अथवा ‘उत्तमा परापरविद्या गोचरा श्लोका कीर्तिर्यस्य’ परा जो परब्रह्म प्रतिपादिका उपनिषद्-रूपा विद्या, और अपरा जो यज्ञस्वरूप भगवत् यज्ञादि क्रिया-नकी प्रतिपादिका अपरा विद्या, इन दोनों परा अपरा विद्या-नके द्वारा जानी जाय है कीर्ति जाकी, यासूं भगवान्कौ नाम उत्तमश्लोक है। ता उत्तमश्लोक भगवान्के जो जन, तेही भये उत्तमश्लोक जन, ऐसे हरिगुणगानकर्ता हरिभक्तनके संग मेरी मैत्री होय। जिन हरिभक्तनकौ जन्म हरिलीलास्वरूपके

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गान करवेके अर्थही होय है तिनके संग मेरी मैत्री होय। यामें पद्मपुराणकौ वाक्य प्रमाण कहै हैं कै 'न कर्मबंधनं जन्मवैष्णवानां च विद्यते। विष्णोरनुचरत्वं हि मोक्षमाहुर्मनीषिणः।' वैष्णवनकौ जन्म, कर्मनके वश नही होय है, विष्णुभक्त तौ विष्णुके अनुचर होयकर हरिगुणगान करवेके लियेही जन्म लैय हैं। उनकूं हरिगुणगान करवेमें सायुज्यमोक्षते अधिक आनंद मिलै है। या पद्मपुराणके वाक्यानुसार जो ऐसे जन्मयुक्त गुणातीत भगवद्भक्त हैं तिनके संग मेरी मैत्री होय, यासूं 'उत्तमश्लोकजनेषु' यह एक समासांतपद कह्यौ है। सो भगवानकूं शास्त्रार्थरूप जतायवेके अर्थ है। क्योंजी 'उत्तमैः श्रीनारदशुकसनकादिभिः श्लोक्यते इत्युत्तमश्लोकः।' श्रीनारदशुकसनकादि ऋषिमुनिजन जाके यशकौ गान करै हैं ऐसे उत्तमश्लोक तौ भगवान् हैं। यासूं ऐसे 'शास्त्रार्थत्वकी प्राप्ति तौ 'उत्तमश्लोक' या दो पदके समाससूंही प्राप्त होय है तब 'उत्तम-श्लोक-जनेषु' इन तीन पदके समाससूंही शास्त्रार्थत्वकी प्राप्ति होय है, यह कहनों तौ ठीक नही है। यासूं पहलैं 'हे उत्तमश्लोकः' ऐसें संबोधन देकरकैं पश्चात् जननमरणधर्मी जीवनके संग प्रतिबंधक रूप सख्यके अभावकी प्रार्थना अन्तमें सत्संगमेंही आयकैं प्राप्त होय है। तब संपूर्ण तीनों पदनके समास करकैं अर्थ करवेकी कहा आवश्यकता है। तहां कहै हैं कै 'भगवान् भक्तनके संगमें, भक्तनके द्वाराही स्वस्वरूप फलदान दैय हैं। यही भाव श्रीमद्भागवतके वाक्यनमें सर्वत्र प्रकट होय है जैसे कै 'वैय्यासकिः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स भगवानथविष्णुरातम् ।' व्यासनंदन श्रीशुकदेवजी 'स भगवान्' श्रीशुकदेवजीके हृदयमें भगवान् विराजै हैं, और राजा परीक्षित विष्णुरात है । या लीलाकथा श्रवण करवेके लियेही प्रभुनें गर्भस्थित बालक परीक्षितकी रक्षा करी है । यासूं श्रीशुकदेवजी अपने हृदयमें जैसे २ लीलास्वरूपकौ दर्शन करै हैं तैसे २ ही लीलास्वरूपकौ वर्णन करै हैं, और राजा परीक्षितके हृदयमें विराजे प्रभु अपने चरित्रनकूं शंकासमाधानपूर्वक श्रवण करकै प्रसन्न होय हैं यासूं ऐसे भक्तनके हृदयमें प्रविष्ट भये भगवान् भक्तनके द्वाराही फलित होय हैं । यासूं ऐसौ भावार्थ तौ पदत्रयकी समासमहिमासूंही प्राप्त होय है । और हे उत्तमश्लोक ! मेरौ जननादि धर्मी जीवनके संग सख्य न होय । ऐसैं जुदे २ पदकरकैं अर्थ करवेमें केवल संबोधनके आग्रहसूं सत्संगकूं उदासीनतासूं आक्षिप्त करकैं प्रार्थना करनों तौ असंगत है । यासूं पदत्रयके समास करकैही अर्थ करनों आदरणीय है । क्योंजी ऐसे गुणातीत आत्मा भगवद्भक्तनके संगमें तौ शास्त्रार्थरूप भगवत्स्वरूपकौ परोक्षमेंही दर्शन होय है । तब में भगवत्स्वरूपकौ साक्षात्कार करूं हूं ऐसी प्रतीति तौ नही होय है । तब भगवत्स्वरूप कैसें फलित होय है । तहां कहै हैं कै 'पौरुष सभाजनं च फलं' आदरसहित आसक्तिपूर्वक भगवच्चरित्रनकौ गान करनोंही फलस्वरूप है । यही श्रीमद्भागवतके तृतीयस्कंधमें श्रीकपिलदेवजीनें वाक्य कहे हैं कै 'नैकात्मतां मे स्पृहयन्ति केचिन्मत्पादसेवाभिरता मदीहाः । येऽन्योन्यतो भागवताः प्रसज्य सभाजयन्ते मम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पौरुषाणि ॥' मेरी पादसेवामें प्रीति राखवेवारे, मेरे अर्थही हैं संपूर्ण अंगचेष्टा देहादिके कृत्य जिनके, ऐसे कितनेहू विरले मेरे भक्त परस्परमें मिलकरकें आसक्तिवश सन्मानपूर्वक जा समय मेरे चरित्रनकौ गान करै हैं ता समय मेरे दिये भये सायुज्यमोक्षकीहू इच्छा नहीं करै हैं। या कपिलदेवजीके वाक्यसूं भगवदीयनकौ परस्परमें मिलकरकैं सन्मानपूर्वक आसक्तिपूर्वक भगवत्पुरुषार्थनकौ वर्णन करनों है सो सायुज्यमोक्षसूं अधिकानंदकौ देवेवारौ है। यह पुष्टिमार्गीय जीवन्मुक्तनकौ साधन है सोही फलरूप है। सोही श्रीशुकदेवजी कहै हैं कै "प्रायेण मुनयो राजन्निवृत्ता विधिषेधतः। नैर्गुण्यस्था रमन्ते स्मगुणानुकथने हरेः ॥ परिनिष्ठितोपि नैर्गुण्ये उत्तमश्लोकलीलया। गृहीतचेता राजर्षे आख्यानं यदधीतवान् ॥ तदहंतेऽभिधास्यामि महापौरुषिको भवान् ॥" हे राजन्! बहुधा करके लोकवेदमें प्रसिद्ध जे विधिनिषेधविधी हैं तिनसूं निवृत्त भये जे मननशील सत्पुरुष हैं ते निर्गुणब्रह्ममें नेष्ठा राखतेहू श्रीहरिके गुणानुवाद कथनमेंही रमण करै हैं। हे राजर्षे! तैंनेंहू राज्यसुख और ब्रह्मानंदसुख दोनों अनुभव करै हैं यासूं तू राजानमें ऋषि है यासूं तोसूं मैं यह कहूं हूं कै मैं निर्गुण ब्रह्ममें नेष्ठावारौ होतौहू उत्तमश्लोक भगवान् श्रीकृष्णकी लीलानके वशीभूत भयौ है चित्त जाकौ ऐसौ जो मैं हूं तानें यासूंही यह श्रीमद्भागवताख्यान अध्ययन कियौ है तिन भगवच्चरित्रनकूं मैं तेरेअर्थ कहूंगो। क्योंकै तूभी पुरुषोत्तम श्रीकृष्णकौ भक्त है; या प्रकार परस्परमें भगवच्चरित्रनकौ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कथन करनोंही परम फल है। ऐसैंही राजा परीक्षितहू हरिचरित्रनकी प्रशंसामें कहै है कै 'निवृत्ततर्षैरुपगीयमानाद्भवौषधाच्छ्रोत्रमनोभिऽरामात् । क उत्तमश्लोकगुणानुवादात्पुमान्विरज्येत विना पशुघ्नात् ॥' निवृति भयी है तृष्णा जिनकी तिननेंहू जा हरिचरित्रनकौ गान कियौ है ऐसौ जो हरिचरित्र है सो जन्ममरणरूप संसाररोगकौ मिटायवेवारौ औषधरूप है और श्रोतावक्तानके श्रवणनकूं और मनकूं रुचिकर आनंद दैवेवारौ है ऐसे श्रीकृष्णके चरित्रनकूं श्रवणकरकैं, एक पशुघातीके (सिवाय) ऐसौ को पुरुष है जो विरामकूं प्राप्त होय (अघाय जाय)। इत्यादि वाक्यनमें ऐसे गुणातीत आत्माराम ब्रह्मानंदमग्न भक्तनकूंभी जब प्रेमासक्तिपूर्वक हरिगुणानुवाद करवेमें जब ब्रह्मानंदसूं अधिक आनंदकी प्राप्ति होय है तब तौ उनकूं मोक्षसुखकी सिद्धि यहांही है। सोही श्रीमद्भागवतमें कह्यौ है कै 'एकान्तिनो यस्य न किञ्चनार्थं वाच्छन्ति ये वै भगवत्प्रपन्नाः । अत्यद्भुतं तच्चरितं सुमंगलं गायन्ति आनंदसमुद्रमग्नाः ॥' जा भगवान्‌के एकान्तभक्त जे निश्चयात्मकरूपसूं भगवत्शरणमें प्राप्त भये हैं ते एकान्तभक्त तौ अत्यद्भुत सुंदर मंगलकौ दैवेवारौ जो भगवच्चरित्र है ताकूं गायकरकै आनंदसमुद्रमें मग्न भये अपने प्रभुसूं मोक्षपर्यंत कोईभी पदार्थकी इच्छा नही राखै है। या वाक्यसूं ऐसे भक्तनकौ तौ वह साधनही मोक्षरूप है। जैसैं काव्यके सुनवेमें, वर्णनीय चरित्रके परोक्षमें होतेहू लौकिकी जीवनकूं तदाकार रूपमें ऐसौ आनंद उत्पन्न होय है कै जा आनंदके

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आगें अन्य कोई आनंदके स्वाद लेवेकी सुधही नही होय है। जा आनंदमें अन्य सब आनंद गरजाँय हैं। तैसेही यहांभी हरिगुण सभाजन करवेमें हरिभक्तनकूं भी स्वात्मारामानंदवत् भगवत्स्वरूपसौन्दर्यानंदमें लीन होयवेते भगवत्स्वरूपके परोक्ष होतेभी हरिगुण सभाजन करवेमें भगवदानंदमय है जाय हैं। क्योंजी ऐसौही मोक्षसुख, हरिगुणश्रवण करकेवारे श्रोतानकूंभी होतौ होयगौ, क्योंकै श्रोतानकेहू ऐसेही आसक्तिसूचक वचन श्रवण करवेमें आमें हैं। जैसै कै 'नानुतृप्ये जुषन्युष्मद्वचो हरिकथामृतम्।' हे योगेश्वर ! आपके मुखसूं निकरे हरिकथारूप वचनामृतकूं पानकरकैहू मेरे मनकी तृप्ति नही होय है ! यह वाक्य राजा जनककौ नवयोगेश्वरके प्रति है। और ऐसेही राजा परीक्षितके वचन हैं कै 'येन येनावतारेण भगवान् हरिरीश्वरः। करोति कर्णरम्याणि मनोज्ञानि च नः प्रभोः' ॥ हे सर्वज्ञ, सर्वकथन समर्थ ! सर्वदुःखहर्ता, सर्वसमर्थ, षड्गुणैश्वर्यसंपन्न, भगवान् जा जा अवतारकूं धारण करकैं हमारे श्रवण और मनके आनंद दैवैवारे जिन २ चरित्रनकूं करै है उन मनोहर चरित्रनकूं हमारे अर्थ कहौ। इत्यादिक हरिगुण सभाजन वाक्य औरहू देखवेमें आमें है। यासूं ता हरिगुणसभाजनमें वक्ताकी अपेक्षा होय है यासूं श्रोताके हीनभावके प्रकट होयवेते वृत्रकूं भगवद्गुणश्रवण करवेके अर्थ, भगवदीयनके संग संगममात्रकीही प्रार्थना करनीही; भगवदीयनके संग सख्य करवेमें कहा विशेषता है। तहां कहै हैं कै ये जनकपरीक्षितादि श्रोतानके वाक्यतौ भगवद्गुणसभाजन करवेमें,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वक्ताकूं उत्साह बढायवेमें कारणरूप हैं । भगवद्गुण सभाजन-वाक्य नही हैं । क्यौं कै ' भगवल्लीलास्वरूपकौ माहात्म्य ज्ञान-पूर्वक तात्पर्यादि सहित जो कथन है सो हरिगुणसभाजन कह्यौ जाय है । यही भाव श्रीमद्भागवतके एकादश स्कंधके पंचमाध्यायमेंहू कह्यौ है कै ' कलिं सभाजयन्त्यार्या गुणज्ञाः सारभागिनः । यत्र संकीर्तने नैव सर्वः स्वार्थोऽभिलभ्यते ॥ ' जे श्रेष्ठ पुरुष हैं सारवस्तुके ग्रहण करवेवारे है और जे गुणज्ञ हैं ते सत्पुरुष कलियुगकीही प्रशंसा करै हैं क्योंकै कलियुगमें श्रीहरिके संकीर्तन करवेतेही संपूर्ण स्वार्थकी प्राप्ति होय है । इत्यादि वाक्यनमें, गुण तात्पर्यादिकूं समझ करकैं कथन कर-वेकूंही ' सभाजन ' कहै हैं । यासूं परीक्षितके वाक्य तौ गुणादि ज्ञानार्थक हैं । वक्ताकूं उत्साहके बढायवेवारे हैं । अर्थात् श्रीशुक-देवजीके समान वक्ता हरिगुणमाहात्म्यकूं भले प्रकार समझ करकै वर्णन करै हैं । परीक्षितादि श्रोता, हरिगुणमाहात्म्यकूं अच्छी तरह नही जानें है किन्तु भगवद्गुण श्रवणमें रुचि होय-वेते, भगवद्गुणनकूं भले प्रकारसूं जाननों चाहै हैं । यासूं परी-क्षितादि श्रोतानके वाक्य वक्तानके उत्साहवर्द्धक होयवेते, श्रोता-नके वाक्य हरिगुणसभाजनमें साधनरूप हैं । क्योंकै भक्तिमार्गमें श्रवणभक्तिसूं आदि लेकरकैं दास्यभावपर्यंत सब भाव साधनरूप हैं । और सख्यभाव है सो फलरूप है । यासूं भक्तनके संग सख्य-भावकी प्रार्थना है । सख्यमें तौ सखाकौ स्वरूप, सखाके मनके भाव सबही अपने मनमें बसैं हैं । सबकौ मन सबके अनुकूल होय है । यह विशेष है यासूं सख्यकी प्रार्थना है । भक्तनके

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संग सख्यभाव होंनों मोक्षरूप है । क्योंजी मोक्षमें तौ भय नहीं रहै है, शोक नही रहै है, पराधीनता नही रहै है, यह मोक्षकौ लक्षण है । सोही कहै हैं कै 'अभयं वै जनक प्राप्तोसि' 'स्मर्तव्यश्चेच्छता भयं' 'तरति शोकमात्मवित्' 'तदस्य संसृतिर्बंधः पारतंत्र्यं च तत्कृतम् ॥' हे जनक, तू अभयकूं प्राप्त है । अभयकी इच्छावारेकूं हरिस्मरणही कर्तव्य है । आत्मवेत्ता शोकसूं तरजाय है । या जीवात्माकूं अहंताममतारूप संसारबंधन है, यासूंही याकूं पराधीनता है । या प्रकरणमें औरहू कहै हैं 'प्रायेण मुनयो राजन् निवृत्ता विधिषेधतः' 'एष हवाव न तपति' लोकवेदकी विधिनिषेध विधीनकूं त्याग करहू मननशील आत्माराम गुणातीत भक्तहू जब भगवद्गुणसभाजनमेंही मग्न रहे आमें हैं । यासूं भक्तही तापकूं प्राप्त नही होय है। यासूं या श्रुतिके अर्थ स्फुरणसूं भक्तनकूं भय और शोककौ अभाव होतेहू सख्यके संबंध युक्त पदार्थ होयवेते, परापेक्षारूप है तब परतन्त्रता तौ नही मिटी यासूं सख्यकौ मोक्षभाव सिद्ध नही भयौ । तहां कहै हैं कै 'सर्वथा स्वतन्त्रत्वाय स्वनिष्ठभक्तविषयकीर्तनम्' याकौ यह भाव है कै मेरी स्वतंत्रता सदा रही आवै याके लिये अपनी आसक्तिके विषय भक्त होंय, यह 'मम' पदके कहवेकौ तात्पर्य है अर्थात् भक्तनमें आसक्तिरूपसूं मेरी मैत्री सदा रहै, यासूं मेरी सदा स्वतंत्रता रहैगी 'मम' पद कहवेकौ यह भाव है कै जैसे घृतमें द्रवत्व (पतलापन) गुण सदा स्वाभाविक होय है तथापि अग्निसूर्यादिके संग नैमित्तिक संबंध होयवेते वह द्रवत्वगुण अधिकरूपमें व्यक्त होयवे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लगै है। जैसे संबंधयुक्त पदार्थ जे दयानम्रता इत्यादिक हैं ते स्वान्तःकरणके धर्म हैं, अतएव यामें परापेक्षारूप पारतंत्र्य बाधक नहीं है, क्योंकै दयानम्रतादि स्वांतःकरण धर्म-नकूं करवेवारौ, चहिये जाके ऊपर प्रकट करसकै है, दयान-म्रताप्रेमादिकी अभिव्यक्तिमें अपनों स्वातन्त्र्यही रहै है। एवं सख्य भी स्वान्तःकरणधर्म है यामें परापेक्षारूप पारतंत्र्य बाधक नहीं है। क्योंकै स्वान्तःकरणधर्म होयवेसूं यामेंहू अपनों स्वातंत्र्यही है यासूं ऐसे हरिभक्तनमें मेरी मैत्री होय। यही बात श्रीमदाचार्यननें 'स्वनिष्ठभक्तविषयकीर्तनम्' या पंक्तिमें कही है। यासूं ऐसे स्वातंत्र्यमें सख्यके मोक्षत्वकी हानि नहीं है। क्योंजी भक्तनके संग सख्यमें अपनी ऐसी स्वतंत्रता होतेहू अप-नेकूं सख्यभावसूं श्रोता बनवेमें वक्ताके आधीन तौ रहनोंही परैगौ तब तौ सख्यमें मोक्षसुखकी हानिही है। और वक्ताहू जननमरणादि धर्मवारे होयवेते, कोईके समीप रहवेमें, कोईके अन्यत्र चले जायवेमें, कोईके तिरोधान है जायवेमें, हरिगुणज्ञ वक्ताके अभावमें सख्यकौहू अभाव है जायगौ और देशकालकौ परिच्छेद होयवेते सख्यके मोक्षत्वकीहू हानि है। ऐसी शंकामें कहै हैं कै 'गुणसभाजने' भगवद्गुणसभाजन करवेमें बहुतनके होयवेते, सब एक संग तौ वक्ता है नहीं सकै हैं, और सब तौ श्रोता बनकेंही रहैंगे, तब उनके श्रोता होयवेमें, अपनेकूं वक्ता होयवेमें, अपनी स्वतंत्रता सिद्ध रहैगी, और अनेक श्रोतानके होयवेते, कोई एक श्रोताके तिरोधान होय-वेते तथा अन्यत्र जायवेते बहुतनके होयवेते वियोगकौ अभाव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रहैगौ, तब देशकालपरिच्छेदरहित अपने सख्यभावकी हानि नही है। और सख्यके मोक्षत्वकीहू हानि नही है। याके लिये 'उत्तमश्लोकजनेषु' या पदमें बहुवचन कह्यौ। क्योंजी औरनकूं श्रोता बनायकरकैं, आप वक्ता बनकरकैं, अन्य भक्तनकूं हीनाधिकारी समझवेमें ऐसी स्वतंत्रतामें तौ भक्तनकी अवज्ञा करनों दोषप्राप्त होय है। क्योंकै जो हरिलीलाकथानकूं माहात्म्य ज्ञानपूर्वक जानें है सोही वक्ता होयवेमें अधिकारी है और जो हरिलीलाकथामाहात्म्यकूं अच्छी रीतिसूं नही जानें है किन्तु जाननों चाहै है, सो हीनाधिकारी श्रोता बनवेके योग्य है। और जहां सबही हरिचरित्रकथा कहवेमें कुशल हैं तब वृत्रकूं आप वक्ता बनकैं, औरनकूं श्रोता बनायवेमें भक्तनकी अवज्ञा करनों है। तहां कहै हैं कै 'जनत्वादेव' ये सबही भक्त यथार्थ शास्त्रज्ञाता होतेभी प्रभुकी इच्छासूं जननादि धर्मयुक्त हैं, अस्वतंत्र हैं, प्रभुके आधीन हैं, यासूं अपनी प्रभु आधीनता प्रकट करवेके लिये हरिगुणसभाजन करवेमें जो स्वतंत्रता है यामें दोषसंबंध नही है। जैसैं सनकादिक ऋषी सबही ज्ञानी हे तथापि एक सनंदन ऋषिकूं वक्ता बनायकरकै और सबनें श्रोता बनकरकैं वेदस्तुतिकी निर्णयकथा सबनें श्रवण करी। अपनेमें कोईकूं भी बडे छोटेकौ भाव नही भयौ, सब समानही रहे। न कोई परतंत्र रह्यौ, न कोई स्वतंत्र, सबमें सबकौ समान भावही रह्यौ। क्योंजी मोक्षमें तौ दुःखरहित सुख होय है किन्तु हरिगुणसभाजनरूप मोक्षमें तौ श्रोताकी अपेक्षा रहै है यासूं हरिगुणलीलारसज्ञ श्रोताकी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्राप्तिके लिये ढूंड खोज करनी परैगी, और भगवत्पुरुषार्थनकूं भले प्रकारसूं जानकरकैं वर्णन करवेमेंही हरिगुणसभाजनरूप मोक्ष-सुखकी प्राप्ति होय है और हरिगुणसभाजन सिद्धिकौ ज्ञान, हरि-चरित्रनके श्रवण करवेते होय है। यह हरिचरित्रनकौ श्रवण करा-मनों वक्ताके आधीन है यासूं हरिलीलारसज्ञ वक्ताकी प्राप्तिके लिये हू ढूंड खोज करनी परैगी, तब ऐसे परिश्रमसूं आपत्ति भोगवेमें दुःख लपेटे सुखके होयवेते, तुम ऐसे सख्यमें हरिगुणसभाजनकूं मोक्षसुख कैसें कहौ हौ। तहां कहै है कै ' यह अहंताममता-रूप संसारचक्रके समान है। यह चक्र (पैया) तौ चलतौही रहै है, या जन्ममरणरूप संसारमें स्थित जीव स्वयंही सब ठिकानें पहुँच जाय है। यासूं जीवकौ स्वयंही परिभ्रमण होय है। और अपने इच्छित अनिच्छित विषयनकी प्राप्तिहू स्वयंही है जाय है। यासूं विषय उपार्जन करवेमें क्लेशहू नहीं होय है। यासूं दुःखरहित सुख होयवेते, भक्तनके संग सख्यमें मेरे मोक्षसुखकी हानि नहीं है। या प्रकार स्वयंही परिभ्रमण और स्वयंही विषयोपार्जन होय है, ये दोनों कार्यनके स्वयं होयवेते, क्लेशकौ अभाव, यहां संसारके चक्रत्वकथनसूं सूचित कियौ तब दुःखसूं भेदरहित सुखके होयवेते सख्यमें मोक्षत्वकी हानि नहीं है। क्योंजी भक्तनके संग सख्य होयवेते हरिगुणस-भाजनरूप मोक्षसुखकी प्राप्ति भलेही रहौ, तथापि या संसार-पदसूं जन्ममरणरूपा क्लेशसाधनताहू तौ प्रकट होय है तब कैसैं दुःखासंभिन्न सुख भयौ, यासूं या संसारपदके तात्पर्यकूं कहै है कै ' या संसारपदसूं वृत्रनें अपने ऊपर भगवत्कृपाकी सूचना करी है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मेरी साधनसंपत्ति भगवत्कृपासूंही सिद्धि होयगी। यासूं अपने ऊपर भगवत्कृपाकौ होनों सूचित कियौ है, या संसारपदकौ प्रयोग कुछ जन्ममरणरूप क्लेशके बोध करायवेके लिये नही है यासूं दुःखासंभिन्नही सुख है। क्योंजी यदि यह संसारपद भगवत्कृपा प्रार्थनाकौ सूचक है तौहू क्लेशकौ अभाव कैसै सिद्ध होय है। क्योंके प्रार्थनाहू कोई प्रकारके दुःखमेंही करी जाय है, यासूं संसार-पदसूं जो वृत्रनें प्रार्थना करी है सो क्लेशबोध करायवेके लियेही करी है। ऐसी शंकामें कहै है कै यासमय वृत्रकी यह प्रार्थना है कै ' यासूं पहले कितनेही कालपर्यंत मैंनें बहुतसे योग्य अ-योग्य देह पाये, मोकू पहलें बहुत क्लेश प्राप्त भये, अब यासमय भगवत्कृपासूं यह मेरौ अंतिम देह है. अब यासूं अगारी मोकूं कोई क्लेश नही है यासूं अगारी मेरौ देह प्रभुसेवाकौ उप-योगी होय, प्रभुसूं या प्रकारकी प्रार्थना है। यासूं दुःखासं-भिन्न सुख है। क्योंजी कार्यमात्रमें प्रभुइच्छाही कारण कहनी चहियै। ऐसैंही क्लेशमेंहू प्रभुइच्छाही कारण कहनी चहिये। तब ऐसे भगवदीय वृत्रनें ' स्वकर्मभिः ' में अपने कर्मनके वश संसारचक्रमें भ्रमण करूं हूं ऐसें क्यों कह्यौ ? ऐसे भगवदीय वृत्रकूं तौ भगवदिच्छाकीही कार्यमात्रमें स्फूर्ति होनी चहियै, कार्यमात्रके होयवे न होयवेमें भगवदिच्छाही कारण कहनी चहियै। तहां कहै हैं कै क्लेशमें अपने स्वामीकौ नाम नहीं लैनों चहियै, यासूं संसारचक्र भ्रमणरूप क्लेशमें अपने कर्मही कारण कहे। और अपने किये कर्मनकौ फल अवश्य भोगनों परै है। यासूं ' स्व ' पद कह्यौ। यासूं अपने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्वामीकौ नाम लैनों उचित नहीं हो, किन्तु कर्मपदकौ कहनोंही उचित हो, यासूं अपने कर्मही कहे। क्योंजी 'जनो वै लोक एतस्मिन्नविद्याकामकर्मभिः। उच्चावचासुगतिषु न वेद स्वांगतिं भ्रमन्॥' यह संपूर्ण जीवलोक अपने अविद्याकामकर्मनके वश भयौ देवतिर्यङ्मनुष्यादि योनीनमें प्राप्त भयौ या जगत्में भ्रमण करतौ डोलै है, अपने आश्रयकूं नहीं जानें है। या वाक्यमें अविद्या, काम और कर्म इन तीनोंकूं संसार भ्रमण करायवेमें कारण कह्यौ है यहां केवल कर्मकूंही कारण क्यों कह्यौ। तहां कहै है कै यद्यपि संसारचक्रमें भ्रमण करायवेमें अविद्या काम कर्म सबके कारण होतेभी मुख्य उपयोग कर्मनकौही है। जैसे कुम्हारके घडा बनायवेमें चाकके फिरायवेमें डोरा पानी चाक इत्यादि निमित्त कारणके रहतेहू मुख्य उपयोग चाकके फिरायवेमें दंडकौही होय है अतएव 'दण्डेन घट करोति' यह प्रयोग है। यासूं यहां कर्मनके मुख्योपयोगमें 'स्वकर्मभिः' या कर्मपदमेंही तृतीया विभक्ति कही है। और कर्मके अभावमें तौ केवल अविद्याकामकरकै तौ भ्रमण होयही नही है यह तौ अनुभवसिद्ध है। यासूं संसारचक्रमें परिभ्रमण करवेमें मुख्य उपयोग कर्मनकौही है। और शरीरधारी जीवसूं कर्म तौ स्वयं होतेही रहै हैं। सोही गीतामें कह्यौ है कै 'नहि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्। कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः॥' कोईभी जीव एक क्षणमात्रहू विना कर्म किये नही रहसकै है। मायाके सत्व रज तमोगुणनके वश भयौ संपूर्ण जीवसमूह कर्मनकूं करैही है। ये

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मायाके गुणही जीवसूं कर्मनकूं करामें हैं। यासूं मनुष्यकूं कियेभये कर्मनकौ फलहू अवश्य भोगनों परै है। चाहे जा लोकमें जा कोई योनिमें जन्म लैकर जीव कर्मफलकूं अवश्य भोगै है। मनुष्यदेहके अतिरिक्त अन्य सब देह कर्मफलके भोगवेके लियेही हैं। यासूं जबतक यह जीव देहकूं धारण करै है तबतक कर्म तौ होतेही रहै है। कर्मनकी समाप्ति नही होय है, यासूं यहां 'स्वकर्मभिः' या कर्मपदमें तृतीया विभक्तिकौ बहुवचन कह्यौ है। क्योंजी भलैही वृत्रकौ ऐसौही भाव होय, तथापि वृत्र भगवदीयनके संग सख्यकी प्रार्थना करै है, यह कहनों तौ असंगतही है, क्योंकै श्लोकके पूर्वार्द्धमें कोई प्रार्थनावाचक पद तौ हैही नही, यासूं संपूर्ण व्याख्यान संदेहयुक्त है। तहां कहै है कै या पुष्टिमर्यादामोक्षकौ गौणभाव जतायवेके लिये यहां प्रार्थनापदकौ प्रयोग नही कियौ है, वृत्रकूं तौ पुष्टिपुष्टिमोक्षकी विशेष चाहना है किन्तु प्रार्थनापदके न रहवेते, अर्थसूं तौ प्रार्थना सिद्ध है किन्तु उदासीन भावमें प्रार्थना है। यासूं प्रार्थनापदके न रहवेमात्रसूंही अर्थमें संदेह नही करनों चहियै। या श्लोकके पूर्वार्द्धमें यह अर्थ सिद्ध भयौ कै ऐसे भगवल्लीलास्वरूपके रहस्यज्ञ भगवदीयनके संगमें सख्य होनों पुष्टिमर्यादामार्गमें मोक्ष है। याकूं श्रीपुरुषोत्तमजी स्पष्ट करकैं बतामें हैं कै 'पुष्टिप्रवाहमर्यादा' ग्रंथमें यह कह्यौ है कै 'तस्माज्जीवाः पुष्टिमार्गे भिन्ना एव न संशयः' पुष्टिमार्गमें जीव न्यारेही उत्पन्न होय हैं। अर्थात् पुष्टिसृष्टिके जीव भिन्नही होंय हैं। या प्रकार या श्लोकके पूर्वार्द्धमें पूर्वोक्त हेतूनसूं पुष्टिमार्गीय जीवनकौ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भेद बतायकरकैं पुष्टिसृष्टिमें उत्पन्न भवे जीव भगवत्‌रूप सेवाके लियेही प्रकट होंय हैं, ते पुष्टिसृष्टिके जीवस्वरूपादिमें भगवत्तुल्य होय हैं। भगवत्सेवासिद्धिके अर्थही किंचित् श्रीहरिमें और हरिभक्तनमें न्यूनाधिक भाव होय है। याप्रकार जीव ईश्वरभेदसूं तथा सेव्यसेवक भेदसूं तिनकौ तारतम्य बतायकरकै, तिनकूं शुद्ध मिश्रभेदसूं दो प्रकारके कहें हैं। या प्रकार मर्यादामिश्रित भगवदनुग्रही तनकौ हरिलीलागुणरहस्यज्ञत्व लक्षण कहकरकैं पुष्टिसृष्टिस्थ जीवत्व सिद्ध कियौ है। सोही कहै हैं कै 'वैदिकत्वं लौकिकत्वं कापट्यात्तेषु नान्यथा। वैष्णवत्वं हि सहजं ततोऽन्यत्र विपर्ययः॥' पुष्टिसृष्टिस्थित जीवनमें वैदिकधर्म सत्कर्मनकौ करनौं, तथा लौकिकपनौं लोकमर्यादारीतिसूं चलनौं, लोकशिक्षाके अर्थं कपटसूं रहै है किन्तु वैष्णवधर्मही पुष्टिजीवनमें स्वाभाविक होय है। या पुष्टिमार्गीय जीवते अन्य जीवमें सब बात उलटी होय हैं। जैसे मर्यादी जीवमें वैदिक धर्म सहज रहै है। और वैष्णवपनौं, लौकिकपनौं कपटते रहै हैं। और प्रवाहीजीवनमें लौकिकचातुर्य सहज होय है और वैष्णवत्व तथा वैदिकत्व कपटते रहै है। या प्रकार विपरीतरूपज्ञापनपूर्वक सामान्य लक्षण तीनों प्रकारके जीवनकौ 'पुष्टिप्रवाहमर्यादाग्रंथमें कह्यौ है।' सोही यहां श्रीमद्भागवतादि ग्रंथनके मूलमें 'नैकात्मतां मे' 'प्रायेण मुनयो' 'परिनिष्ठितोपि' 'तत्राभवद्भगवान् व्यासपुत्रः' 'तद्वयष्टवर्षं' 'द्वैपायनाच्छुको जज्ञे भगवानेव शंकरः। अंशांशेनावतीर्योर्व्यां स प्राप परमं पदं' 'तं स्कंद

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इत्याचक्षते ' ' तथा सुहृत्तमदिदृक्षित प्रसंगे ' ' गोविन्दभुज-गुप्तायां द्वारावत्यां कुरूद्वह । अवात्सीन्नारदो भीक्ष्णं कृष्णोपासनलालसः ॥ ' इत्यादि वाक्यनसूं श्रीशुक सनत्कुमार नारदादिकनमेंही पुष्टिमर्यादामार्गीय हरिगुणरहस्यज्ञत्व लक्षण प्रकट होंय हैं । तथा ' कायेन च फलं पुष्टौ ' पुष्टिमार्गमें भगवान् स्वरूप धारणकरकैं भक्तनकूं स्वस्वरूपानंद फलदान करै हैं । सो यहाँ ' वैयासकिः स भगवान् ' या वाक्यमें फल कह्यौ है । यामेंभी प्रथम कक्षाकौ भक्त राजा परीक्षित है । उत्तम कक्षाके पुष्टभक्त सनत्कुमारादिक हैं । क्योंकै छांदोग्योपनिषद्में सनत्कुमार नारदके संवादमें सर्वात्मभावके विवरण करवेते यह लक्षण सनत्कुमारादिमेंही घटै है । और वेदस्तुतिके निर्णयमेंहू श्रुतिगीताकौ अर्थ भगवद्भजनार्थही लगायौ है यह श्रीसुबोधिनीजीमें निर्णय कियौ है । यासूं सनत्कुमारादिकही पुष्टिमर्यादामार्गीय भक्तनमें उत्तरकक्षाधिकारी हैं । यह मोक्ष प्रायः चतुर्थाश्रमी हंस परमहंसनकौही प्रतीत होय है ॥

या प्रकार उदासीनभावसूं वृत्र पुष्टिमर्यादामोक्षकी प्रार्थना करकैं, अब पुष्टिपुष्टिमोक्षकी प्रार्थना करै है । तहां प्रथम शास्त्रोक्त रीतिसूं मोक्षद्वारकूं कहै है कै ' प्रसंगमजरं पाशमात्मनः कवयोविदुः ' 'स एवहि साधुषु कृतो मोक्षद्वारमपावृतम्' ' त एव साधवः साध्वि सर्वसंगविवर्जिताः । संगस्तेष्वथते प्रार्थ्यः संगदोषहरा हिते ॥ ' या जीवात्माकी अहंता ममतारूप संसारमें जो दृढासक्ति है सोही जीवात्माकौ दृढ पाशबंधन है, यदि यही दृढासक्ति साधुसंगमें होय तौ खुलौ भयौ मोक्षकौ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्वार है। यासूं हे माता, ताकूं साधुसंगही प्रार्थनी है साधुसंगही करनों चाहिये, किन्तु साधु वेही हैं जिननें सब पदार्थनसूं मन हटाय लियौ है ऐसे साधुजनही संसारसंगदोषकौ हरवेवारे हैं। तथा उद्धवजीके प्रति भगवानकेहू ऐसे वचन हैं कै 'सत्संगेनहि दैतेया' श्रीकृष्ण कहै हैं कै 'सत्संगसूंही दैत्यदानव यातुधान प्रल्हादादिक सब परमगतिकूं प्राप्त भये हैं। इत्यादि वाक्यनसूं सत्संगकूं मोक्षकौ खुल्यौ भयौ द्वार कह्यौ है। यासूं श्लोकके पूर्वार्द्धोक्त वाक्यनमें हरिगुणगानकूं मोक्षफल साधन होयवेते, भक्तनके संग सख्यकूं पुष्टिमर्यादामोक्षरूप कहनों उचितही है। अब यासूं अगारी या श्लोकके उत्तरार्द्धमें, आत्माऽऽत्मजदार-गेहादिकमें आसक्तिबोधक अपनों विशेषण और निषेधार्थक नकार और नाथपद, ये तीन चार पद और शेष रहे। इन तीन पदनके अर्थ संग्रह करवेमें तौ 'हे नाथ! मेरी देहादिमें चित्तकी आसक्ति न होय' ऐसें देहादिमें आसक्तिके निषेधकी प्रार्थना करनों यह अर्थ सिद्ध होय है। तब देहाद्यासक्तिकौ मोक्षत्व कैसें हैं। तहां कहै है कै 'भगवत्प्रत्यक्ष ज्ञानकरकैं पुष्टिपुष्टिमोक्षकी व्यवस्था पहलैं कहिआये हैं। यासूं यहां पुष्टिपुष्टिमोक्षके कहवेके लिये, भगवत्प्रत्यक्ष ज्ञानसूं उत्पन्न भये मोहकरकैं देहादिमें आसक्तिजनक मोहमें विशेष उत्कृष्टता कहै है कै 'त्वन्मायया' त्वत्संबंधिनी माया, त्वत्स्वरूपमें आसक्तिजनिका मायाके मोहकरकै देह पुत्र स्त्रीगेहादिमें आसक्त है चित्त जाकौ ऐसौ जो मैं ताकौ भगवदीय देहगेहादिमें सख्य होय, यह मायामोहनही न्यारौ है। यह भगवत्सं-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वंधिनी लीलोपयोगिनी भक्तजनमनोमोहिनी भगवत्स्वरूपासक्तिजनिका मायाकृत मोहन है। यासूं यह जीव व्यामोहिका मायाकृत मोहन नही है। यह मोहनही भिन्न प्रकारकौ है। यासूं यह अर्थ सिद्ध भयौ कै "हे नाथ! त्वन्मायया आसक्तचित्तस्य मम उत्तमश्लोकजनेषु आत्मादिषु सख्यं भूयात्। स्वकर्मभिः संसारचक्रे भ्रमतः मम विश्वव्यामोहिकया मायया संसारासक्तचित्तस्य आत्मादिषु सख्यं न भूयात्॥" हे नाथ! आपके स्वरूपमें चित्तकी आसक्ति करवेवारी त्वत्संबंधिनी या मायाकरकै आसक्तचित्त जो मैं हूं या मायामोहकरकै मोहित जो मैं हूं ताकी मैत्री, आपही हौ नाथ जिनके ऐसे आपके भक्तनमें देहस्त्रीपुत्रगेहादिमें होय। और अपने कर्मनके वश ससारचक्रमें भ्रमण करवेवारौ जो मैं हूं ताकी मैत्री विश्वविमोहिनी मायाकरकैं संसारासक्तचित्तसूं आत्मादिमें मैत्री न होय। यासूं यहां विश्वव्यामोहिका मायाकृत मोहन नही है। भगवत्प्रत्यक्षज्ञानजनक स्वरूपासक्तिजनक मोहन है। यासूं भिन्न प्रकारकौही मायामोहन है। यद्यपि मायाशक्तिकौ मोहन करवेमेंही अधिकार है, तथापि स्वयं भगवान्ही मायारूप हैं। सोही श्रुति कहै है कै 'मायाचाविद्या च स्वयमेव भवति' माया और अविद्यारूप स्वयं भगवान्ही हैं। या श्रुतिमें माया और अविद्या दोनों शक्तिमें अभेद कह्यौ है। तथापि 'ससर्जाग्रेन्धतामिस्रमथतामिस्रमादिकृत्! महामोहं च मोहं च तमश्चाज्ञानवृत्तयः।' यहां तृतीयस्कंधके बारहमें अध्यायमें अविद्याके पांचो पर्वनकूं अज्ञानवृत्तिरूपमें कह्यौ है और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तृतीयस्कंधके वीशमें अध्यायमें 'तामिस्रमन्धतामिस्रं तमोमोहो महातमः' मायाके पंचपर्वक्रमकौ भेद दिखायवेके लिये श्रीसुबोधिनीजीमें पूर्वके बारहमें अध्यायके पर्वनसूं या वीशमें अध्यायके पाँचों पर्वनकूं भगवत्कर्तृकमोहकथनपूर्वक या मायामोहकूं उत्तम कह्यौ है। सो कहै हैं कै अविद्याकौ प्रथम पर्व तामिस्र इंद्रकूं भयौ यासूं महाभोग भोगवेकी इच्छा होयवेते इंद्रकूं गर्व भयौ, यासूंही भगवाननें मखभंग कियौ और कल्पवृक्षकौ हरण कियौ, यह महाभोगेच्छारूप मोह प्रभुलीलामें उपयोगी भयौ। द्वितीय अंधतामिस्रपर्व, उग्रसेनादिमें प्रकट भयौ, राज्यलीलामें उपयोगी भयौ। तृतीय अज्ञानपर्व श्रीयशोदामें प्रकट भयौ यासूं 'सद्यो नष्टस्मृतिगोपी सारोप्यारोहमात्मजम्' शीघ्रही नष्ट भयी है स्मरणशक्ति जाकी ऐसी श्रीयशोदाजीनें पूर्वकी भांति स्नेहार्द्रहृदय होयकर श्रीबालकृष्णकूं गोदमें लैलियौ। यह मृत्तिकाभक्षणलीलामें उपयोगी भयौ। अविद्याकौ चतुर्थ मोहपर्व कालियदमनादि लीलामें उपयोगी भयौ। अविद्याकौ पंचम महामोहपर्व सर्वत्र सेवामें उपयोगी होयवेते या मोहकी उत्तमता सर्वत्रही प्रकट होय है यासूं मोहनमें प्रकारभेद है। यदि कोई यहां यह कहै कै 'विद्याविद्ये ममतनू विद्ध्युद्धवशरीरिणाम्। मोक्षबंधकरी आद्ये मायया मे विनिर्मिते ॥' हे उद्धव! विद्याअविद्या ये दोनों शक्ती अनादि हैं, मेरी सर्वभवनरूपा इच्छाशक्तिनें रची हैं. ये दोनों शक्ती देहधारी जीवनकूं मोक्ष और बंधनकी दैवेवारी हैं ऐसैं तू जान। या भगवद्वाक्यके अनुसार माया और अवि-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यामें भेदहू मान्यों जाय, तौहू कारण और कार्यभावके कथनसूं माया कारणरूपा है और अविद्याकार्यरूपा है। ऐसें भेद मानवेमेंहू अविद्याकृत मोह संसारके अर्थ है और मायाकृत मोह तौ भगवल्लीलाके अर्थही है, जैसै 'वैष्णवीं व्यतनोन्मायां पुत्रस्नेहमयीं प्रभुः।' इत्यादि वाक्यनसूं मोहभिन्न प्रकारकौही प्रकट होय है। यासूं यहां मूलमें वृत्रकूं यही मोह अभिमत है। यासूंही कह्यौ है कै 'त्वन्मायया' यहां त्वत्पदके संग मायापदकौ प्रयोग है 'तव माया' ऐसें जुदे २ पदकौ प्रयोग नहीं कियौ है। यासूं तुम्हारे अविनाभूता जो त्वत्संबंधिनी लीलोपयोगिनी जो माया ता मायाके मोहकरकै आसक्तचित्त जो में हूं ताकौ सख्यभाव, देहगेहादिमें होय, यह कह्यौ। क्योंजी 'शक्ति शक्तिमतोऽभेदात्' या न्यायसूं शक्तिकौ शक्तिमानसूं सदाही अभेद रहै है। भगवत्शक्ति तौ सदाही भगवान्मेंही विद्यमान रहै है। यह वार्ता सर्वजन सर्वतंत्रनमें प्रसिद्ध है, यासूं भगवन्माया तौ सर्वदाही भगवत्संबंधिनी है। और वृत्रहू पूर्वजन्ममेंभी वैष्णवही हो, तब पूर्वजन्मके देहाद्यासक्तिरूप मोहकूंभी भगवल्लीलाके अर्थही कहनों चहिये। किंतु पूर्वजन्ममें जो पुत्रादिमें आसक्तिरूप मोह और भक्तनके संग सख्य भयौ, सो तौ प्रतिबंधरूपही भयौ। यह पूर्वजन्मकौ प्रतिबंधरूप मोह, मूलग्रंथमें वृत्रकी कथासूं प्रतिबंधरूपमेंही स्पष्ट होय है। सो कहै हैं कै पूर्वजन्ममें पुत्रप्राप्तिमें हठ भयौ, पश्चात् पुत्रोत्पत्तिमें हर्षशोक भयौ; अंतमें सतीके शापसूं आसुरीदेह पायौ। यासूं पूर्वजन्ममें भगवदीयनके संग सख्य और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुत्रादिमें आसक्तिरूप मोह दोनों प्रतिबंधरूपही भये। यासूं पूर्वजन्मके मोहसूं या जन्मके मोहमें कहा विशेषता है; जो या जन्मके मोहकूं भगवन्मायाकृत मोह कहौ हौ, और या मोहकूं मोक्षरूप बताऔ हौ। ऐसी आकांक्षामें कहै है कै 'पूर्वजन्मके मोहसूं या जन्मके मोहकी विशेषता या 'त्वत्पद' सूं कही है। याकूं खुलासा करकै कहै है कै 'यद्यपि यह बात सर्वजन सर्वतंत्रनमें प्रसिद्ध है कै भगवन्माया भगवानसूं सदाही संबंध जौरैं रहै है यासूं सदाहो भगवत्संबंधिनी है यह बात विनाकहेही सिद्ध है। यासूं यहां भगवत्संबंधबोधक, या त्वत्पदके कहवेकौ कोई प्रयोजन नही हो, किन्तु यहां जो त्वत्पद कह्यौ है सो त्वत्पद व्यर्थ परकरकै भगवत्संबंधिनी मायामोहकौही बोध करावै है। यह पूर्वजन्मके मोहसूं या जन्मके मोहकी विशेषता त्वत्पदसूं सूचित करी, क्योंजी वृत्रकी प्रार्थना भलैही भगवल्लीलासंबंधी मायामोहके अर्थही होय, तथापि मायामोह तौ भगवत्स्वरूपाज्ञानकूंही कहै हैं, यामें श्रीउद्धवजीकौ वाक्य प्रमाण है कै 'दुर्भगो बत लोकोऽयं यदवो नितरामपि। ये संवसन्तो न विदुर्हरिं मीना इवाडुपम्॥' अजी यह बडे खेदकी बात है कै यह जीवलोक बडौही दुर्भागी है। तामें यादव तौ निरंतर दुष्टभाग्यवारे रहे, जे अपने समीपमें रहवेवारे सर्वदुःखहर्ता हरिके स्वरूपकूं नही जानसके। जैसे समुद्रके रहवेवारे मत्स्यादि जंतूननें चन्द्रमाकूं अमृतमय नही जान्यौ, केवल यही जान्यों कै यहभी एक जलजन्तु है ऐसैं श्रीपतिकूं यादवने नही जान्यों। इत्यादि वाक्य-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नसूं यह बात सिद्ध होय है कै जब वृत्रकूं भगवान्‌कौ परोक्ष-ज्ञानही नही है तब वृत्रकूं भगवान्‌के प्रत्यक्ष ज्ञानकी तौ सम्भावनाहू नही है । यासूं पूर्वोक्त भगवन्मायामोहकी व्यवस्था तौ भंग होयही है । तहां कहै हैं कै पूर्वोक्त उद्धवजीकौ वाक्य तौ भगवत्परोक्षमें विदुरजीसूं पश्चात्तापमें कह्यौ हैं, और यहां तौ भगवान् वृत्रके प्रत्यक्षमें स्थित हैं । या त्वत्पद्के कहवेते भगवान्‌की प्रत्यक्षता सूचित होय है । यासूं जैसें 'वैष्णवीं व्यतनोन्मायां' या वाक्यमें जैसौ मायामोह कह्यौ है तैसेही मायामोहकी प्रार्थना वृत्रनें भगवान्‌के प्रत्यक्षमें करी है । यासूं भगवत् प्रत्यक्षमें तौ भगवन्मायामोहकीही प्रार्थना होय सकै है । यासूं यहां व्यवस्थाभंगकौ लेशमात्रभी प्राप्त नही होय है । अब या जन्मके मायामोहकी विशेषता बतायवेके लिये, पूर्वजन्मके सख्य और आसक्तिके स्वरूपकूं जुदौ २ करकै कहै हैं । प्रथम, सख्यके स्वरूपकूं जुदौ करके बतामें हैं । कै पूर्वजन्मसें, पुष्टिमर्यादामार्गीय भगवद्भक्त श्रीनारद अंगिरा-ऋषिके संग सख्य जो भयौ हो सो अपने कर्मनके वश संसार-चक्रमें भ्रमण करवेसूं मेरौ संसारासक्त चित्तसूंही भयौ हो । यासूंही अंगिराऋषिके ऐसे वाक्य है कै 'ज्ञात्वाऽन्याभिनिवेशं ते पुत्रमेव ददावहम्' मैंनें तेरौ पुत्रमें हठ देखकरकै ताकूं पुत्रही दियौ, यासूं अगारी अंबिकाके शापते वृत्रकूं आसुरी देहकी प्राप्ति भयी. राजा परीक्षितकी भाँति कर्मबंधनत्यागरूपा भगवदिच्छा करकै जैसे राजा परीक्षितकौ श्रीशुकदेवजीके संग सख्य भयौ तैसें नारद अंगिराके संग वृत्रकौ सख्य नही भयौ,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यासूं संसारासक्तचित्त होयवेते पूर्वजन्मकौ सख्य प्रतिबंधकरूप भयौ। या जन्ममें संसारासक्तचित्त न होय और कर्मबन्धन त्याजिका भगवदिच्छासूं मेरी हरिभक्तनके संग मैत्री होय, ऐसे भगवद्भक्तनके संग सख्य होनों पुष्टिमर्यादामें मोक्षरूप है। यासूं पूर्वजन्मके सख्यते या जन्मके सख्यमें यह विशेषता है। ऐसेही पुष्टिपुष्टिमोक्षमें आपकी इच्छाकरकैं प्राप्त जे देह पुत्र स्त्री घर इत्यादिकूं आपकी सेवाके उपयोगी जानकरकैं देहगेहादिमें मेरे चित्तकी आसक्ति होय, याकी प्रार्थना नाथपदसूं करी, अर्थात् देहादिके आपही नाथ होयवेते तिनमें चित्तकी आसक्ति होय। जैसे हिरण्यकशिपु आदिके चित्तकी आसक्ति, सनकादि ऋषीनके शापसूं संसारचक्रमें भ्रमण करतेसमय संसारासक्त चित्तसूं लौकिकीमायाकरकैं देहादिमें अहं ममाभिमान होयवेते अपने कुटुंबमें आसक्ति भयी, किन्तु कर्मत्यागपूर्वक भगवल्लीलोपयोगि मायामोहसंपादिका भगवदिच्छा करकै चित्तकी आसक्ति नही भयी यासूंही ब्रह्मादिकौ लौकिकी संपत्ति प्राप्तिके लिये सेवन कियौ, अनन्यता जाती रही। याप्रकार पूर्वजन्मके सख्य और आसक्तिके स्वरूपकौ विचारकरकैं, प्रार्थनीय सख्य और आसक्तिकी विशेषता जाननी चाहियै। क्योंजी देहादिमें आसक्ति और सख्य मोक्षरूप भलैंही रहौ, तथापि ऐसे सख्यासक्तिरूप पुष्टिपुष्टिमोक्षकी प्रार्थना वृत्रकी अगारी सफल होयगी यामें कहा प्रमाण है। तहां कहै है कै वृत्रकी कृतार्थ तौ नाथ पदके प्रयोगसूंही सूचित होय है। पूर्वप्रसंगमें वृत्रकौ भक्तत्व तौं स्पष्टही है यासूं यहां नाथपदके प्रयोगसूं वृत्रकैं दैन्यभावके

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकट होयवेते वृत्रके ऊपर भगवान् प्रसन्न हैं, क्योंकै 'भक्तानां दैन्यमेवैकं हरितोषणसाधनम्।' भक्तनकौ एक दैन्यभावही हरिके प्रसन्न करवेकौ साधन है। यासूं नाथके प्रयोगसूंही वृत्रके ऊपर भगवत्प्रसन्नतासूं पुष्टिपुष्टिमोक्षकी सिद्धि सूचित होय है। यासूंही नाथपदप्रयोगके अन्तमें ऐसे सख्यासक्तिकी 'भूयात्' या क्रियापदसूं प्रार्थना है। ऐसे भगवदीयभावके होनेमेंही संपूर्ण पुरुषार्थनकी परिसमाप्ति है। यासूं नाथपदही कृतार्थताकौ ज्ञापक है। श्रीमद्भागवतके पंचमस्कंधमें षष्ठाध्यायकौ यह वाक्य ऋषभदेवचरित्रकी समाप्तिमें है कै 'भगवति तस्मिन्वासुदेवएकान्ततो भक्तिरनयोरपि स मनुवर्तते' भगवद्गुणसभाजन करवेसूं भगवद्गुण श्रवण करवे करायवेवारे दोनों श्रोतावक्तानकी भगवान् वासुदेवमें एकान्तभक्ति होय है। या प्रकार भगवच्चरित्रनकूं श्रवण करवे करायवेवारे दोनों श्रोतावक्तानकूं भक्तिफलकी प्राप्ति कही, यासूं अगारीके गद्यमें कहै हैं कै 'यस्यामेव कवय आत्मानमविरतं विविधवृजिनसंसारतापोपतप्यमानमनुसवनं स्नापयन्तस्तयैव परया निर्वृत्त्याह्यपवर्गमात्यन्तिकं परमपुरुषार्थमपि स्वयमासादितं नो एवाद्रियन्ते भगवदीयत्वेनैव परिसमाप्तसर्वार्थाः' अनेकजन्मके पापनकरकैं संसारतापनसूं तपे अपने जीवात्माकूं या भक्तियोगरसमें त्रिकालपर्यन्त नित्यप्रति स्नान करायवेवारे जे कविजन हैं ते स्वयंप्राप्त जो भगवद्दत्त परमपुरुषार्थरूप जो मोक्ष है ताकौभी आदर नही करैं हैं यासूं कै ता पराभक्तिकरकैं प्राप्त जो भगवदीयभाव ताकरकैही प्राप्त भये हैं संपूर्ण पुरुषार्थ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जिनकूं ऐसें भक्ततौ सर्व पुरुषार्थसिद्ध भगवदीयभाव युक्त रहै हैं। या गद्यमें संसारावस्थामें स्थित हरिगुण गायवेवारे भक्तनकूं भक्तिजन्य सुखकरकैं भगवद्दत्त परमोक्षके अनादरपूर्वक भगवदीय धर्मके प्राप्त होयवेते सर्वपुरुषार्थनकी प्राप्ति कही, या वाक्य-सूंही एकद्वितीय वाक्यकौहू स्मरण होय है कै ‘ सालोक्य सार्ष्टि सामीप्य सारूप्यैकत्वमप्युक्तदीयमानं न गृह्णन्ति विना-मत्सेवनं जनाः ’। स एव भक्तियोगाख्य आत्यन्तिक उदा-हृतः ॥ ’ मेरे भक्त मेरी सेवाके विना मेरी दीनी भयी पाँच प्रकारकी मुक्तिकौहू इच्छा नही करै हैं ! आत्यंतिक भक्तिकौ यही उदाहरण है ! यासूं ऐसे परमभक्तिभावयुक्त भक्तनकूं संसारमेंही मुक्तिते अधिकानंद प्रकट होय है। सोही यहांहू वृत्रनें देहपुत्रादिमें आसक्तिरूप अपने विशेषणसूं और नाथप-दके प्रयोगसूं प्रार्थना प्रकट करी है। और नाथपदके अन्तमें या सिद्धान्तकूं हृदयमें धरकैही ‘ भूयात् ’ या पदसूं प्रार्थना करी है। यासूं भगवन्मायामोहकरकै पुत्रादिमें आसक्तिही कृतार्थ-ताकी ज्ञापिका है। क्योंजी देहादिमें आसक्तिकी प्रार्थना कृतार्थताकी ज्ञापिका भलैही होऊ, तथापि धर्मार्थकाम त्रिव-र्गकी सिद्धि गृहस्थाश्रममें होय है। और मोक्षकी प्राप्ति तौ ब्रह्मचर्य वानप्रस्थ संन्यास अन्य (इतर) आश्रमनमेंही होय है। मूलमें जो देहादिमें आसक्ति कही है, याके मध्यमें जो आत्मजदारपद कहे हैं ये पुत्रस्त्रीपद तौ गृहस्थाश्रमकौही बोध करामें हैं। यासूं या गृहस्थाश्रममें इतरेतर (न्यारे२) विरुद्ध साधनसाध्य चतुर्वर्गकौ अनुभव होनों हमारी बुद्धिमें नही

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

समावै है। ऐसी आकांक्षामें चतुर्वर्ग अनुभव प्रकारकूं कहै हैं कै यहां मूलमें जो आत्माऽऽत्मजदारगेह ये चार पद कहे हैं यह यासूं कहे हैं कै 'भगवल्लीलोपयोगिनी माया धर्मार्थकाम-मोक्ष चतुर्विध पुरुषार्थसिद्धिके अर्थ पुष्टिपुष्टिभक्तनके देहादिमें क्रमसूं देहाद्याध्यास उत्पन्न करै है। तहां धर्मसिद्धि देहाध्यास-सूंही होय है। जैसे द्विजातीयादि धर्मनकी द्विजाति आदि देहा-दिमें अध्यास होयवेतेही द्विजातीयोचित धर्मकूं जीव करै है। ऐसें पुष्टिपुष्टिभक्त हूं भगवत्सेवाधर्मनकूं तथा अन्यहू यज्ञा-दिधर्मनकूं तत्तद्विषयनमें भगवदीयभाव राखकैही प्रीति करै हैं यासूं देहाध्याससूंही धर्मकी सिद्धि होय है। यह वात लोक-प्रसिद्ध है। और पुत्रकी अपेक्षासूं अन्य धन कोई उत्तम धन नहीं है। पुत्रके प्राणाधिक प्रिय होयवेते तामें ममताधिक्य होयवेते ताकी स्वस्थता विकलतामें अपनी चित्तकी स्वस्थता विकलता होयवेते ताकी आपत्तिमें अपने देह प्राणके वियोग होयवेते पुत्रमें अहंतारूप अध्यास होय है यासूं कै पुत्र तनमन-धनसूं भगवत्सेवामें सहायता देय हैं ऐसें पुत्रसूं अर्थसिद्धि सूचित करी मूलमें जो पुत्रपद है सो अर्थमात्रको उपलक्षक है या आशयसूं पुत्रपद कह्यौ है। स्त्रीकरकैं कामसिद्धि प्रसि-द्धही है। इन्द्रियाध्यास स्त्रीमेंही होय है। भगवत्सेवामें सहायता करै है, जैसे लोकमें विषयभोगके अर्थ स्त्रीसूं कामसिद्धि प्रसिद्ध है तैसै यहांभी दोनों स्त्रीपुरुषके चित्तकी चंचलता निवार-णार्थ तथा भगवदीय पुत्रोत्पत्तिके अर्थ कामसिद्धि स्त्रीसूंही होय है। और ब्रह्मभावकी अपेक्षासूं पुष्टिपुष्टि भक्तनकूं घरमेंही

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आनंद होय है । ब्रह्मभावमें सर्व पुरुषार्थनकौ तौ अनुभव होय नही है यासूं इन्द्रिय धारण करनोंही विफल है । और यहां तौ वेदहू पुकारकरके कहरह्यौ है कै ‘ सोऽश्नुते सर्वान्कामान्सह ब्रह्मणा ’ यह पुष्टिपुष्टिमार्गीय भक्त तौ परब्रह्म श्रीकृष्णके संग सर्व कामोपभोग करै है । यासूं अलौकिक देहकी प्राप्ति भयेपै प्रभुके प्रकट भयेपै भक्तके संगमें प्रभुकी लीला अखिल पुरुषार्थनकी साधिका है । प्रभुकी रमणलीला भक्तनके संगही होय है सो यहां पुष्टिमार्गीय मोक्ष घरमेंही सिद्ध होय है । पुष्टिपुष्टिमार्गीय भक्त कैवल्य मोक्षकी तौ इच्छाहू नही करै है । यह पहलैंही कहिआये हैं । यासूं भगवत्स्वरूपसौन्दर्यसुधामाधुर्यकौ आस्वादन तौ घरमेंही होय सकै है, यासूं भक्तनकूं तौ घरही मोक्षानंदकौ देनेवारौ है, यासूं घरही श्रेष्ठ है । सोही कहै है कै ‘ ब्रह्मानंदे प्रविष्टानामात्मनैव सुखप्रमा । संघातस्यविलीत्वाद्भक्तानां तु विशेषतः । सर्वेन्द्रियैस्तथा चान्तः करणैरात्मनापि हि । ब्रह्मभावात्तुभक्तानां गृह एव विशिष्यते ’।। ब्रह्मानन्दमें प्रविष्ट भये भक्तनकौ देहादि समूह ब्रह्मानंदमें लीन है जाय है, यासूं अपने अन्तःकरणमेंही ब्रह्मानंदानुभव होय है, और भक्तनके देहेन्द्रियान्तःकरणप्राणजीव सब रोम २ में भगवदानंदस्वरूपके प्रवेश होयवेते सर्वही देहादिकूं आनंदानुभव होय है । यासूं ब्रह्मसायुज्यमोक्षते तौ स्वरूपानंदही अधिकानंददाता है यासूं घरही श्रेष्ठ है । या निबंधकारिकाते घरही अधिकानंद दाता कह्यौ । यही भाव, श्रीमद्भागवतके तृतीय स्कंधमें श्रीकपिलदेवजीनेंभी कह्यौ है कै ‘ पश्यंति ते मे रुचिरावतंसप्रसन्नवक्त्रा-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रुणलोचनानि । रूपाणि दिव्यानि वरप्रदानि साकं वाचं स्पृहणीयां वदन्ति ।" "तैर्दर्शनीयावयवैरुदारविलासहासेक्षितवामसूक्तैः। हृतात्मनोहृतप्राणांश्च भक्तिरनिच्छतो गतिमण्वीं प्रयुंक्ते ॥' हे माता, देवहूति ! मनोहर आभूषणसहित प्रसन्न मुखारविन्दमें अरुणकमलदलसदृश हैं लोचन जिनमें ऐसे मेरे वरप्रद दिव्यस्वरूपनकों मेरे भक्त दर्शन करे हैं और श्रवणमनकूं आनंद देवेवारी मनोहर वाणीसूं मेरेसंग वार्तालाप करे हैं । ऐसें दर्शनीय अंगनकों दर्शन करकें, और उदार लीलाभाव हास्यपूर्वक नयनकटाक्षसहित सुंदर वचनकूं श्रवण करकें हरे हैं मन प्राण जिनके ऐसे भक्तनकूं मेरी भक्ति, उनकूं इच्छा न रहतेभी सूक्ष्मगति (दिव्यदेहकूं) देय है । या प्रकार श्रीमदाचार्यजीनें अपनी कारिकानमें कपिलदेवोक्त वाक्यद्वयकों अर्थसंग्रह करकें कह्यो है । यासूं या कपिलोक्त वाक्यार्थसूं दिव्यदेहकी प्राप्तिपूर्वक सायुज्यमोक्षेच्छारहित होयकर भगवान्‌में चित्तकी एकतानता जब होजाय तब भगवत्स्वरूपके संग भगवदीय पुत्रादि सहित लीलोपयोगी घरमें आसक्तिपूर्वक भगवत्स्वरूपसौन्दर्य सुधास्वादन करनों यह मोक्षरूप है । ऐसो मोक्ष गोपिकादितुल्य व्रजभक्तनकूं घरमेंही प्राप्त भयो है । यासूं परस्परमें अविरोध व्रजभक्तनमेंही देखवेमें आवे है । यह व्रजभक्तनके प्रकारको मोक्ष है । क्योंजी जो आनंदानुभव प्रकार अन्तःकरणाध्यास साध्य है ऐसे मोक्षानंदानुभव प्रकारकीही वृत्रकूं कहवेकी इच्छाही यामें कहा प्रमाण है । तहां कहै है के ' चित्तके वासुदेवात्मक होयवेते, और यहां मोक्षको प्रकरण होयवेतेही

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वृत्रनें यहां चित्तपदकौ प्रयोग कियौ है यासूं यह चित्तपदही मोक्षानंदानुभव प्रकारकौ ज्ञापक है। सोही कहै है कै 'यत्तत्सत्वगुणं स्वच्छं शांतं भगवतः पदं। यदाहुर्वासुदेवाख्यं चित्तं तन्महदात्मकम् ॥' यह शुद्ध शांतस्वरूप सत्वगुणही भगवत्स्थान है। शुद्धसत्वयुक्त चित्तमेंही भगवत्प्रादुर्भाव होय है यासूं या शुद्धसत्वात्मक चित्तकी वासुदेव आख्या है। यह शुद्धसत्वात्मक चित्तही महत्तत्वात्मक है। या कपिलदेवजीके वाक्यसूं मनोबुद्धि अहंकारचित्त संपूर्ण अन्तःकरणमें चित्तके अधिष्ठाता वासुदेव हैं और यहां मोक्षकौ प्रकरण है यासूं यहां चित्तपद कह्यौ है। मोक्षानंदकौ अनुभव अन्तःकरणाध्याससूं होय है। यासूं यहां वृत्रकूं देहादिमें ऐसे अध्यासकी प्रार्थना करनीही यासूं मोक्षानंद प्रार्थनामें चित्तपद कह्यौ है। या कथनमें एक औरहू युक्ति स्मरण होय है सो कहै हैं कै जहां चित्तकौ वासुदेवात्मकभाव कह्यौ है तहांही मनकौ प्रद्युम्नात्मक, बुद्धिकौ अनिरुद्धात्मक, अहंकारकौ संकर्षणात्मकबोधक वाक्य कह्यौ है। यासूं या अन्तःकरणमें व्यूहस्वरूपनकौ तत्तदाधिदैविक रूप सिद्ध होय है। जा २ अन्तःकरणमें अध्यास होय है सो सब अहंकाराध्यासमूलक है और अहंकार है सो संकर्षणात्मक है। यासूं अहंकार ' अहं ग्रहोपासनातुल्य कक्षाकौ है। यह अहं ग्रहोपासना, सब तापनीयोपनिषदनमें प्रसिद्ध है। यासूं जैसे अहं ग्रहोपासना मोक्षफलात्मिका होयवेते मोक्षफलरूपा है। तैसेही यह भगवन्मायामोहकरके देहाद्याध्यासहू मोक्षफलात्मक होयवेते मोक्षफलरूप है। यासूं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भगवन्मायामोहाहंकारमूलादेहाद्यासक्तिहू मोक्षरूपा है । क्योंजी यह सब कथन तौ जब प्राप्त होयसकै है यदि मध्यमें नकारकौ प्रयोग नही होतौ तब तौ अर्थ ठीकहो किन्तु मध्यमें नकार तौ दीखै है । यासूं यह अर्थ ठीक नही है । यासूं ऐसैं अर्थ करनों चहियै कै ' स्वकर्मभिः संसारचक्रे भ्रमतो मम उत्तमश्लोकजनेषु सख्यं भूयात् ' अपने कर्मनकरकै संसारचक्रमें भ्रमणकर्ता जो में हूं ताकी मैत्री उत्तमश्लोकजन भक्तनके संग होय, ऐसी प्रार्थनामें अगारी कारण कहै है कै ' त्वन्माययात्मात्मजदारगेहेष्वासक्तचित्तस्यउत्तमश्लोकजनेषुसख्यं न भूयात् । आपकी विश्वमोहिनी मायाकरकै देह पुत्रकलत्रगेहमें आसक्त है चित्त जाकौ ऐसौ जो में ताकी मैत्री लौकिकी मायासक्तचित्तसूं आपके भक्तनमें मैत्री नही होय । क्योंकै ' भवापवर्गो भ्रमतो यदा भवेज्जनस्य तर्ह्यच्युतसत्समागमः । ' हे अच्युत ! जासमय जा जीवकौ सत्पुरुषनके संग समागम होय है तबही या जीवकौ अहंताममतारूप संसारसूं मोक्ष होय है । या प्रकार यहां देहाद्यासक्ति निषेधपूर्वक भगवद्भक्तनके संगमें सख्यकी प्रार्थना मात्र है यही अर्थ करनों उचित है । ऐसी शंकामें कहै है कि, पूर्वोक्त अर्थ अविवक्षित है या अर्थमें मैतू केवल अनुपपत्तिमात्र कहै है सो अनुपपत्ति युक्तिकौ अभाव नही है । या बातकूं स्पष्ट करवेके लिये कहै हैं कै 'या संदर्भमें यह पूर्वमेंभी कहिआये हैं कै ' अहं समाधाय ' इत्यादि वाक्यनसूं वृत्रकूं अपने पूर्वजन्मकौ संपूर्ण वृत्तान्त स्मरण है यह तौ निश्चयही है यामें तौ कुछ संदेहही नही है । और 'त्रैवर्गिका यास-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विघात ' हमारे त्रिवर्गसाधनको नाश हमारे प्रभुही करै हैं । इत्यादि वाक्यनसूं वृत्रकूं यह भी अनुमान है कि प्रभु मेरे ऊपर प्रसन्न है । जब वृत्रकूं पूर्वजन्मको वृत्तान्त और भगवत्कृपाको होनों संपूर्ण स्मरण है तब पूर्वजन्ममें भयो जो संसारासक्तचित्तसूं पुत्रादिमें अभिनिवेश, और अंगिराऋषिके संगसूं पुत्रप्राप्ति यासूं पुत्रशोक, नारदकृत भक्त्युपदेश, भगवत्प्रसाद, विद्याधरादिपत्य शिवोपहास, सतीशाप, ये सबही स्मृतिगोचर हैं । यासूं पूर्वजन्मके भगवत्प्रसादकूं परमफलको असाधक मानकरकैं, यासमय भगवान् मेरेलिये कहा प्रसाद देयंगे, ऐसें अपने मनमें संदेहकरकै वृत्रनें यह विचारौ है कै या समय मेरे मरणकालमें प्रभु मेरे सन्मुखमें उपस्थित हैं । यासूं मेरो उद्धारही करैंगे, अपनेकूं प्रभु अनुगृहीत मानकरकैं यह निश्चय करै है कै यासमय तौ प्रभु मोकूं पुष्टिमार्गीय मोक्षही देयंगे ऐसौ निश्चय करकै वृत्र प्रार्थना करै है कै यदि पुष्टिमर्यादारीतिसूं मोकूं मोक्ष दैवेकी इच्छा है तब तौ पूर्वजन्मकौसौ भक्तनके संग सख्य न होय, जैसौ कै चित्रकेतु अवस्थामें, देहपुत्रकलत्र गेहाद्यासक्तचित्तसूं भक्तनके संग सख्य भयो है । तैसौ पूर्वजन्मकौ सौ सख्य न होय । यासूं आत्माऽऽत्मजादिमें आसक्तिपूर्वक स विशेषण सख्यके प्रकार निषेधकी ही प्रार्थना श्लोकके पूर्वार्द्धमें करी है । यासूं यह अर्थ सिद्ध भयौ कै भक्तनके संग सख्य तौ होय, किन्तु पूर्वजन्मकौसौ सख्य नहीं होय, ऐसे प्रकार निषेधकीही प्रार्थना है । यदि प्रभुकूं मेरेलिये पुष्टिपुष्टिमार्गीय मोक्ष दैवेकी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इच्छा है, तौ भगवत्संबंधिनी प्रभुलीलोपयोगिनी भगवन्माया-मोहकरकैं देहपुत्रकलत्रगेहादिमें आसक्त है चित्त जाकौ ऐसौ जो मैं ताकी मैत्री उत्तमश्लोकजननके संग नही होय। ऐसैं सविशेष्य निषेधकी उत्तरार्द्धसूं प्रार्थना है। क्योंकै भगवदीय पुत्रकलत्रादिमें सख्यभावहू है, संगभी है, हरिगुणगानभी है, संयोगवियोगरूपमें सदैव भगवत्साक्षाकारभी है, तब भगवदीयनके संग सख्यकी स्वतःही सिद्धि है। यासूं यहां प्रकरणके वशते वाक्यद्वयके अंगीकार करवेसूं तेरे कियेभये अर्थकी प्राप्ति नही है किन्तु यही अर्थ ठीक है। अब सिद्ध अर्थकूं कहै हैं कै 'अविद्या काम, कर्मनके संबंध करकैं संसारचक्रमें भ्रमण करायवेवारी मायासंबंधके विना, केवल भगवत्क्रीडासाधिका, भगवत्संगमें रमण करायवेवारी भगवत्रमणरूपा मायाके मोहमें मोहित भये भगवदीय पुत्रादिकमें भगवदीय भावसूं आसक्त-चित्त जो भगवद्भक्त है सो अपने घरमेंही, भगवत्सेवा भगवत्कथानकौ श्रवण करकैं चतुर्विध पुरुषार्थकौ अनुभव करतौ जो भगवदीय है, । ताकी यावज्जीवनकालपर्यंत जो ऐसी स्थिति है यह दूसरी पुष्टिपुष्टिमोक्ष है। या रीतिसूं दो प्रकारकौ मोक्ष कह्यौ। प्राकृत भक्तनकूं यह दूसरे पुष्टिपुष्टिमार्गीय मोक्षपर्यंत सुखकी प्राप्ति होय है। या जतायवेके लिये कहै हैं कै 'इयमेव मुख्या' यह पुष्टिपुष्टिमोक्षही मुख्य है। प्राकृत जीवकूं यासूं अधिक मोक्षसुखकी प्राप्ति नही होय सकै है। और शुद्ध पुष्टि-भक्तिमार्गीय भक्तनके मोक्षफलकौ स्वरूप यासूंभी अधिक है। यह अपने अन्तःकरणमें विचारकैं वृत्रनें या पुष्टिपुष्टिमार्गीय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मोक्षकी प्रार्थना प्रभुसूं करी है। यासूंही सबके अन्तमें आशीर्वादात्मक 'भूयात्' यह क्रियापद प्रार्थनामें कह्यौ है। और 'हे नाथ!' या संबोधनपदसूं यह सूचित कियौ कै आप हमारे नाथ हौ, आपनें हमकूं अपनायकरकैं अंगीकार कियौ है यासूं आपहौ नाथ जिनके ऐसे भगवदीय पुत्रकलत्रादिकनमें हमारे चित्तकी आसक्ति और प्रीति होय। अर्थात् मोकूं पुष्टिपुष्टिरीतिकी मुक्ति मिलै। मर्यादाज्ञानरीतिकौ मोक्ष मोकूं नही होय। याप्रकार यहां जे पुष्टिमर्यादामार्गीय भक्त हैं तिनकौ कर्मबंधन जन्म नही है केवल भगवल्लीलागान करवेके लियेही जिनकौ जन्म होय है ते भगवान्के अंतःकरणाशयकूं जानकरकैही भगवद्गुणगान करै हैं ऐसे आत्माराम पूर्णकाम गुणातीत नारद शुकसनकादि सदृश भक्त पुष्टिमर्यादामार्गीय भक्त हैं। और जिनकूं भगवान्नें अपनायकरकैं अंगीकार कियौ है ते पुष्टिपुष्टिमार्गीय भक्त हैं। जब भगवच्चरित्र श्रीनारद शुकसनकादिसरीके गुणातीत ब्रह्मानंदमग्न भक्तनके अन्तःकरणकूं भी आकर्षण करै हैं तब जे भगवत्स्वरूपसौन्दर्यमाधुर्यरसपानमत्त जो भगवत्साक्षात्संबंधी जे भक्त हैं तिनके मोक्षसुखकौ तौ कहनौंही कहा है। याप्रकार पुष्टिमार्गमें दो प्रकारकौ मोक्ष निश्चय कियौ। और 'शुद्धाः प्रेम्णातिदुर्लभाः' जिनके ऊपर भगवान्नें अति अनुग्रह करकैं स्वरूपानंददान दैनौं विचार्यौ है, जिनके आप आधीन होयकर रहै हैं ऐसे स्वतंत्र भक्तनकौ फलस्वरूप तौ यासूंभी अधिक है ऐसौ हृदयमें विचारकरकैही' श्रीमत्प्रभुचरणननें कह्यौ है कै 'इयमेव मुख्या'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्राकृतनकूं पुष्टिपुष्टिमोक्षपर्यंतकी प्राप्ति होय है यासूं अधिक मोक्षसुखकी प्राप्ति नही है।

क्योंजी यहां या प्रसंगमें यही आशय है, यामें कहा प्रमाण है, यदि यह कहौ तहां कहै है कै 'भक्तानां गृह एव विशिष्यते' या न्यायकूं प्रमाणमें धरवेते, तामेंभी प्रमाणरूप 'पश्यंति ते मे' या श्लोकोक्त रीतिसूं अनुभवके कथन करवेते यही प्रमाण है। और या श्लोकके व्याख्यानमें मोक्षफलके साधनमें भक्ती कही और ता भक्तिकौ फल मोक्ष कह्यो है तथापि फलदशाते साधनदशाके उत्तम कहवेते 'अनिच्छतो गतिमण्वीं प्रयुंक्ते' ऐसे मुक्ति देनेकी इच्छाके सूचनसे, साधनदशाही उत्तम कही है। और शुद्ध पुष्टभक्तनकूं तौ मुक्तिके देवेलैवेकी इच्छाकौ तौ कथनभी नही है। यासूं जानी जाय है कै शुद्ध पुष्टभक्तनके आनंदफलकौ स्वरूप सवसूं अधिक है यासूं गोपिकादि तुल्य स्वतंत्र भक्तनके फलकौ तौ कहनोंही कहा है। अन्यथा पुष्टिमर्यादा, पुष्टिपुष्टिमार्गीय भक्तनकी साधनदशाके उत्कर्ष कथनसूं फलदशा कथनमें विरोध आवै है। व्रजस्थित भक्तनके फलकौ स्वरूप तौ वेणुगीतमें स्वाश्रयप्राप्ति और प्रत्यापत्ति (शरण) होनोंही अंगीकार कियौ है। या प्रकार श्लोकार्थकौ अनुवाद करकै हम अगारिके शास्त्रार्थ प्रकरणकूं भाषानुवाद करवेमें ग्रंथ विस्तारभयसूं छोडै हैं।

रससिन्धुचन्द्रमुखवारिरुहोद्गतपुष्टिपुष्टिमकरंदरसः।
इति कृष्णचन्द्रकृपया विदितःश्रीपुरुषोत्तमेन वचसा विवृत्तः॥ १ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इति श्रीमद्विठ्ठलेश्वरप्रभुचरणकृताया वृत्रासुरचतुःश्लोक्याः श्रीसुबोधिनीव्याख्याया व्रजभाषानुवाद समाप्तः

तथा चतुर्थश्लोकविवृतेः श्रीपुरुषोत्तमजीकृत प्रकाशानुसारेण व्रजभाषानुवाद समाप्तः ।

श्रीगोवर्धनशिष्येण वृहद्वननिवासिना ।
स्वामिरूपकिशोरेणाऽनुवादो नृगिरा कृतः ॥

समाप्त.

मुद्रकः—प्रभाशंकर जयशंकर पाठक, जगदीश्वर प्रिंटिंग प्रेस, गायवाडी, गिरगांव—मुंबई नंबर ४.

प्रकाशकः—यह ग्रंथ श्रीमद् गोस्वामि श्रीगोकुलनाथजी महाराजकी आज्ञासु नगरटठ्ठानिवासी सद्गति शेठ **नारायणदास** और **जेठानंद आसनमल** के ट्रस्टफंडसु ट्रस्टीओने छपायो.
ठि.—२३६ कालकादेवीरोड, मुंबाई नंबर २.

आवृत्ति १ ली.]　　सन १९३७.　　[प्रति २०००.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय [illegible],
[illegible]
[illegible]

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
[illegible], [illegible]
वाराणसी-5

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्राय
भरतनिधि,क

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi